Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 157 | सोमवार, 09 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## जब डीएमके पर निशाना साधते हुए बोले अमित शाह

# मैं दिल्ली में रहता हूं लेकिन मेरे कान हमेशा तमिलनाडु पर हैं

नई दिल्ली।

संबोधन के शुरूआत में अमित शाह ने कहा कि मैं तमिलनाडु के पार्टी कार्यकताओं से क्षमा मांगता हूं क्योंकि मैं उनसे भारत की महानतम भाषाओं में से एक तमिल में बात नहीं कर सकता।



भारत की महानतम भाषाओं में से एक तमिल में बात नहीं कर सकता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके पर तीखा हमला करते हुए कहा कि इसने अपने कार्यकाल के पिछले चार वर्षों में भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कर दी हैं। रविवार को मदुरै में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी संकल्प लिया कि भाजपा 2026 में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में सरकार बनाने जा रही है। शाह ने पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा मुहैया कराए गए 450 करोड़ रुपये के पोषण किट को एक निजी कंपनी को सौंपकर बहुत बड़ा घोटाला किया और गरीबों को भोजन से वंचित कर दिया। संबोधन के शुरूआत में अमित शाह ने कहा कि मैं तमिलनाडु के पार्टी कार्यकताओं से क्षमा मांगता हूं क्योंकि मैं उनसे भारत की महानतम भाषाओं में से एक तमिल में बात नहीं कर सकता।

उन्होंने आगे कहा कि 2026 में यहां भाजपा-एआईएडीएमके गठबंधन की एनडीए सरकार बनेगी। मैं दिल्ली में रहता हूं, लेकिन मेरे कान हमेशा तमिलनाडु पर लगे रहते हैं। एमके स्टालिन कहते हैं कि अमित शाह डीएमके को नहीं हरा सकते। वह सही कह रहे हैं। मैं नहीं, बल्कि तमिलनाडु की जनता आपको हराएगी।

उन्होंने यह भी दावा किया कि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सरकार ने 4,600 करोड़ रुपये का रेत खनन घोटाला भी किया है, जिससे राज्य के गरीब लोगों को ऊंचे दामों पर रेत खरीदना पड़ रहा है, ताकि सत्तारूढ़ पार्टी को पैसा बनाने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि मैं तमिलनाडु सरकार से अपनी मांग दोहराना चाहता हूं कि जल्द ही मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई तमिल भाषा में भी होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने सेंगोल को संसद में बिठाकर तमिलनाडु का सम्मान किया है और मैं उम्मीद करता हूं कि एमके स्टालिन प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इसके लिए धन्यवाद देंगे। गृह मंत्री ने कथित तमिलनाडु राज्य विपणन निगम (टीएसएमएसी) घोटाले का भी मुद्दा उठाया और दावा किया कि इससे राज्य के खजाने को 39,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

# प्रचंड गर्मी से उत्तर भारत का हाल बेहाल, दिल्ली

नई दिल्ली।



उत्तर भारत में प्रचंड गर्मी ने लोगों को जीना मुहाल कर रखा है। वहीं, मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 5 दिनों तक उत्तर भारत में जबरदस्त गर्मी पड़ने जा रही है। दिल्ली-एनसीआर, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्यों में अगले कुछ दिनों तक पारा 40 डिग्री सेल्सियस से पार पहुंच सकता है। दिल्ली में 16 मई के बाद लगातार तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। 22 दिनों बाद रविवार को यहां अधिकतम तापमान 42 डिग्री पार कर गया, जबकि हीट इंडेक्स 47.2 डिग्री रहा। यानी दिल्ली में लोगों ने 47 डिग्री से ऊपर की गर्मी का एहसास किया। मौसम विभाग ने अगले 2 से 3 दिन आसमान साफ रहने के संकेत दिए हैं। लेकिन, बीच-बीच में 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चल सकती है। सोमवार और मंगलवार को भी धूल भरी आंधी आने की आशंका है। स्काईमेट वेदर की रिपोर्ट के अनुसार 24-25 जून को मॉनसून दिल्ली में दस्तक दे सकता है। अमूमन 27 जून तक मानसून का आगमन दिल्ली में होता है। बात करें उत्तर प्रदेश की तो अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान जारी किया है। इस दौरान तापमान बढ़ोतरी के साथ लोगों को भीषण गर्मी का एहसास होगा।

लेकिन, 11 जून से मौसम बदलेगा और कई जिलों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश माहौल खुशनुमा बना देगी बिहार में भी अगले 3 दिनों तक भीषण गर्मी की आशंका जताई गई है। हालांकि, मौसम विभाग ने 14 जिलों में बादलों की आवाजाही और हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई है। राजस्थान का श्रीगंगानगर रविवार को सबसे गर्म जिला रहा, जहां तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# मणिपुर की शांति में खलल! मैतेयी नेता की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा




इंफाल।

मणिपुर में मैतेयी संगठन अरामबाई तेंगोल के नेता और अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के बाद हिंसक विरोध प्रदर्शनों के कारण रविवार को स्थिति तनावपूर्ण रही।

प्रशासन ने एहतियाती उपाय के तौर पर इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। इन क्षेत्रों में इंटरनेट और मोबाइल डाटा सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। बताया जा रहा है कि अरामबाई तेंगोल के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इस बीच सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि मणिपुर हिंसा से संबंधित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए अरामबाई तेंगोल के सदस्य कनन सिंह को इंफाल एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार किया। उसे गुवाहाटी ले जाया गया है, जहां उसे पुलिस रिमांड के लिए अदालत में पेश किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार, सीबीआई मणिपुर हिंसा से संबंधित मामलों की जांच कर रही है। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि मणिपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए मणिपुर हिंसा के मामलों की सुनवाई मणिपुर से गुवाहाटी स्थानांतरित कर दी गई है।

# राजस्थान में फिर सुलग रही गुर्जर आंदोलन की आग, पटरी पर दौड़े लोग, दिल्ली-मुंबई रूट जाम

नई दिल्ली।



हिंडौन-बयाना स्टेट हाईवे के पास हो रही महापंचायत में आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला के नेतृत्व में गुर्जरों के लिए आरक्षण समेत विभिन्न मांगों पर चर्चा की जा रही है। हालांकि महापंचायत को सरकार के मसौदे को सुनने के बाद समाप्त कर दिया गया। राजस्थान में एक बार फिर से गुर्जर आंदोलन की राह पर हैं।

भरतपुर जिले के पीलूपुरा गांव में आज को गुर्जर समुदाय की महापंचायत हो रही है, जहां पिछले दो दशकों में समुदाय अक्सर बड़े आंदोलन करता रहा है। हिंडौन-बयाना स्टेट हाईवे के पास हो रही महापंचायत में आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला के नेतृत्व में गुर्जरों के लिए आरक्षण समेत विभिन्न मांगों पर चर्चा की जा रही है। हालांकि महापंचायत को सरकार के मसौदे को सुनने के बाद समाप्?त कर दिया गया। लेकिन युवाओं ने कहा कि वे सरकार के फैसले से संतुष्?ट नहीं हैं और आंदोलन जारी रखना चाहते हैं। आरक्षण के मुद्दे पर भरतपुर में गुर्जर समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध कर दिया। विजय बैंसला वरिष्ठ गुर्जर नेता कर्नल केएस बैंसला के पुत्र हैं, जिन्होंने चार साल पहले अपनी मृत्यु तक समुदाय के आंदोलन का नेतृत्व किया था। गुर्जर समुदाय ने सरकार को रविवार दोपहर एक बजे तक का अल्टीमेटम दिया था।

# भारतीय वायुसेना को मिलेंगे आईएसटीएआर जाजूसी विमान



नई दिल्ली।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान को बुरी तरीके से धूल चटाई। इस बीच रक्षा मंत्रालय एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। बताया जा रहा है कि रक्षा मंत्रालय तीन अत्याधुनिक जासूसी विमान खरीदने के लिए 10,000 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पर विचार करने जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि इससे भारतीय वायुसेना को हवा से जमीन पर मार करने वाली स्पष्ट तस्वीर मिल सके और वह दुश्मन के जमीनी ठिकानों जैसे रडार स्टेशनों, वायु रक्षा इकाइयों और अन्य गतिशील वस्तुओं पर सटीक हमले कर सके। एनडीटीवी ने एएनआई के हवाले से बताया कि रक्षा अधिकारियों ने बताया कि खुफिया, निगरानी, लक्ष्य प्राप्ति और टोही (आई-स्टार) के लिए 10,000 करोड़ रुपये की परियोजना को जून के चौथे सप्ताह में होने वाली रक्षा मंत्रालय की उच्च स्तरीय बैठक में मंजूरी के लिए रखे जाने की उम्मीद है। बता दें कि आई-स्टार जासूसी विमान सेनाओं को हवा से जमीन पर निगरानी प्रदान करता है। जानकारी दें कि इसको पूर्ण स्वदेशी तकनीक से रक्षा अनुसंधान एवं विकास द्वारा विकसित किया गया है। जासूसी विमान परियोजना में बोइंग और बॉम्बार्डियर सहित विदेशी निमार्ताओं से खुली निविदा के माध्यम से तीन विमानों का अधिग्रहण शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि विमान पर ऑनबोर्ड सिस्टम पूरी तरह से स्वदेशी होंगे।

### इन देशों की लिस्ट में शामिल हो जाएगा भारत

भारत भी अमेरिका, ब्रिटेन, इजराइल और कुछ अन्य देशों सहित ऐसी क्षमता वाले चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो जाएगा।

## मद्रासी कैंप पर बुलडोजर एक्शन

# सीएम रेखा गुप्ता बोलीं, कोर्ट ने आदेश दिया है, हम कुछ नहीं कर सकते



नई दिल्ली।

पत्रकारों से बातचीत में गुप्ता ने कहा कि मैंने साफ तौर पर कहा है कि अगर कोर्ट ने कुछ आदेश दिया है तो न तो सरकार और न ही प्रशासन कुछ कर सकता है। मद्रासी कैंप को तोड़े जाने का सच यह है कि यह बारापुला नाले के किनारे बनाया गया था। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि मद्रासी कैंप में चलाया गया ध्वस्तीकरण अभियान अदालत के निर्देशों का सख्ती से अनुपालन करते हुए किया गया। उन्होंने कहा कि अदालत ने राजधानी में भविष्य में बाढ़ से संबंधित आपदाओं को रोकने के उद्देश्य से बारापुला नाले को साफ करने के लिए इस झुग्गी बस्ती को चार बार हटाने का आदेश दिया था। मुख्यमंत्री गुप्ता ने जोर देकर कहा कि मद्रासी कैंप के निवासियों को घर आवंटित किए गए हैं और उन्हें वहां स्थानांतरित कर दिया गया है।

# 'मस्क के साथ संबंध सुधारने की कोई इच्छा नहीं': ट्रंप




न्यूयार्क।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनकी अमेरिकी अरबपति और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के साथ संबंध सुधारने की कोई इच्छा नहीं है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मस्क उन उम्मीदवारों को वित्तपोषित करते हैं जो उन रिपब्लिकनों के खिलाफ चुनाव लड़ते हैं जिन्होंने राष्ट्रपति के घरेलू नीति बिल के पक्ष में मतदान किया, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दोनों के बीच जबरदस्त तलवारें खीची थीं। दोनों ने एक-दूसरे पर वार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। एक कार्यक्रम में ट्रंप ने स्पष्ट किया कि उनके पास मस्क से बात करने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा- "मैंने कभी भी मस्क के साथ अपने संबंधों को लेकर कोई चिंता नहीं की। मुझे उनकी गतिविधियों से कोई फर्क नहीं पड़ता।" वैसे पर्दे के पीछे, दोनों के करीबी लोग सुलह कराने की कोशिश कर रहे हैं।



# सीएम योगी का दावा, किसानों के भविष्य को सुंदर और सुरक्षित बनाने की दिशा में काम कर रही डबल इंजन सरकार

नई दिल्ली।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में एनडीए सरकार के सत्ता में आने के बाद किसान इस सरकार के एजेंडों में से एक बन गए।

उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि देश के 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि राज्य में किसानों का भविष्य सुंदर और सुरक्षित बनाने की दिशा में डबल इंजन सरकार काम कर रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में एनडीए सरकार के सत्ता में आने के बाद किसान इस सरकार के एजेंडों में से एक बन गए। उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि देश के 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपने 2014 में पहली बार देखा होगा कि अन्नदाता किसान भी किसी सरकार के राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बन सकता है। जब पीएम मोदी ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना शुरू की... मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बाद प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और फिर प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना लागू की गई और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू की गई।

2017 में जब हम आए तो सबसे पहले हमने 86 लाख किसानों के 36000 करोड़ रुपए के कर्जमाफी कार्यक्रम को आगे बढ़ाया और कर्जमाफी के बाद हमने राज्य में सिंचाई क्षमता विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का सहारा लिया। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में राज्य कर विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा की और अधिकारियों को कर वसूली में पारदर्शिता, तकनीकी दक्षता और सख्त प्रवर्तन की नीति अपनाने के निर्देश दिए।

## संपादक की कलम से

# आतंक जांचेगा आतंकिस्तान

आश्चर्य है कि जिस देश का पर्याय नाम आतंकिस्तान हो, जो आतंकियों की फंडिंग के गंभीर आरोपों में फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (फाट्फ) की ग्रे सूची में तीन बार डाला जा चुका हो, जिस देश में अलकायदा के सरगना और 9/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन को अमरीकी सैनिकों ने ढेर किया हो, जिस देश में पाले–पोसे गए आतंकियों ने जम्मू–कश्मीर में, बीते 35 सालों में, करीब 45,000 मासूम, बेगुनाह लोगों की हत्याएं की हों, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने जिन आतंकियों और उनके संगठनों पर पाबंदियां चस्पा की हैं, उस सूची में अधिकतर नाम जिस देश के आतंकियों के हों, जिस देश के रक्षा मंत्री ने कबूल किया हो कि अमरीका, ब्रिटेन और पश्चिमी देशों की मदद के लिए उनके देश ने, बीते 30 सालों में, आतंकियों को पाला–पोसा था, उस देश का नाम पाकिस्तान है, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की दो महत्वपूर्ण समितियों में ओहदे दिए गए हैं। पाकिस्तान को तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष और काउंटर टेररिज्म कमेटी का उपाध्यक्ष बनाया गया है। पिछली कमेटी में रूस और फ्रांस भी पाकिस्तान के साथ हैं और तालिबान वाली समिति में रूस और गयाना को भी रखा गया है। बेशक सुरक्षा परिषद की व्यवस्था कुछ भी हो और हर माह ये पदेन जिम्मेदारियां बदलती रहती हैं, लेकिन संयुक्त राष्ट्र के स्तर पर विवेक और बुद्धि का जड़ होना बेहद गंभीर संकेत है। संयुक्त राष्ट्र ने ही पाकिस्तान के आतंकवाद पर कई बार सवाल उठाए हैं और हाफिज सईद, मसूद अजहर, जकी उर रहमान लखवी, सैयद सलाहुद्दीन सरीखे आतंकियों और उनके संगठनों को प्रतिबंधित कर रखा है। अमरीका ने कई पाकपरस्त आतंकियों पर महंगे इनाम की भी घोषणाएं कर रखी हैं, लिहाजा आश्चर्य होता है कि एक घोषित आतंकिस्तान सुरक्षा परिषद का गैर–स्थायी सदस्य रहते हुए तालिबानी आतंकवाद की जांच करेगा और आतंकवाद से लड ? के सुझाव भी देगा, मुहिम भी चलाएगा! दिलचस्प यह है कि तालिबान आतंकी गुट के उभार और प्रश्रय में पाकिस्तान का पूरा योगदान रहा है। आज तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान नाम का आतंकी संगठन पाकिस्तान में ही सक्रिय है और बड़े–बड़े हमले, जानलेवा विस्फोट करता रहा है। पाकिस्तान के खैबर इलाके में इस संगठन का लगभग वर्चस्व है और वे पाकिस्तान के फौजियों की हत्याएं करते रहे हैं। अहम सवाल यह है कि पाकिस्तान अध्यक्ष के तौर पर तालिबान के खिलाफ नए प्रतिबंधों की सिफारिश किस आधार पर करेगा? अभी हाल ही में पाकिस्तान के विदेश मंत्री और अफगानिस्तान की स्वयंभू तालिबान सरकार के विदेश मंत्री की मुलाकात चीन के विदेश मंत्री ने अपने देश में कराई थी। चीन यह दोस्ती इस्लाम के आधार पर करवा रहा है, लेकिन अफगानिस्तान भारत के साथ अपने संबंध प्रगाढ़ रखना चाहता है। यही मलेशिया और इंडोनेशिया ने भी किया और पाकिस्तान की इस्लामी थ्योरी को खारिज कर दिया। बेशक सुरक्षा परिषद की बैठकों में भारत पाकपरस्त आतंकवाद को बेनकाब करेगा। दरअसल कुछ बुनियादी गलतियां अमरीका ने की हैं। एक तरफ अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत–पाक को एक ही तराजू में तोलते हुए दोनों देशों को महान करार देते हैं, तो दूसरी तरफ अमरीका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर आतंकवाद के खिलाफ भारत को मजबूत समर्थन की बात करते हैं। अमरीकी सांसद ब्रेड शेरमैन पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो को लताड़ लगाते हुए कहते हैं– पाकिस्तान पहले जैश–ए–मुहम्मद को तो खत्म करे। यदि अमरीका और चीन पाकिस्तान को समर्थन नहीं देते, तो सुरक्षा परिषद में यह ओहदेदारी पाकिस्तान को नहीं मिल सकती थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और एशियन विकास बैंक से भी अरबों के बेलआउट पैकेज पाकिस्तान को नहीं मिल सकते थे, यदि अमरीका मदद न करता। इसके मायने ये भी हो सकते हैं कि भारत की विदेश नीति पिछड़ गई है, क्योंकि अमरीका पाकिस्तान को ज्यादा भाव दे रहा है। अमरीका की यह दोगली कूटनीति है। एक ओर भारत उसका रणनीतिक साझेदार है, लेकिन आतंकवाद पर अमरीका दोगली नीति खेल रहा है। क्या जी–7 देशों के शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी–ट्रंप दोगली कूटनीति– आतंकिस्तान पर बात करेंगे?



ललित शर्मा
संपादक

## उदय किशोर साह



## दहेज प्रथा की हो विदाई

कविता

बिना दहेज लिये बहू को घर लाना
गरीब कन्या से विवाह है रचाना
सुख समृद्धि से भरा हो आशियाना
प्रेम मोहब्बत का मिले। नजराना

दुल्हन ही है शादी का एक उपहार
शादी को मत बनाओ एक व्यापार
गरीब बेबस का हो जग में उपकार
सूकून से गुजरे दामपत्य संसार

कोर्ट कचहरी का ना हो चक्कर
नारी प्रताड़ना का ना हो टक्कर
दहेज उत्पीड़न में नारी जले अक्सर
समाज में बन्द हो ये पाप का मंजर

दहेज के खातिर प्रताड़ित है नारी
हर गाँव शहर में कहर है। जारी
कानून मूक बना जहाँ पे हारी
बिटिया रो रही विपदा में बेचारी

बिना दहेज का विवाह जो रचाया
हँसी खुशी का जीवन वो है पाया
थाना कचहरी का फेरा ना लगाया
गरीब कन्या से जो रिश्ता है बनाया

दहेज के लालची का हो बहिष्कार
कोई बेटी बहू ना हो पाये शिकार
सोंच समझ कर जोड़ना परिवार
बदल दो जमाना ओ समाज के कर्णधार

ससुराल में मान सम्मान पाये जमाई
घर में दुल्हन की हो नित्य ही बड़ाई
बिना दहेज का जहाँ बजा हो शहनाई
जग से दहेज पाप का हो अब विदाई

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# वैश्विक विस्मृति के शिकार तियानमेन चौक के शहीद

3-4 जून की रात, चीन की जनमुक्ति सेना ने बख्तरबंद टैंकों और हथियारों से छात्रों पर हमला किया। हजारों की संख्या में निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई। यह भयावह घटना इतिहास में चार जून की घटना या तियानमेन नरसंहार के नाम से दर्ज है जो आज भी चीन में एक वर्जित विषय बना हुआ है। वर्तमान युग लोकतंत्र का है, इस प्रणाली की लाख खामियों के बावजूद आधुनिक दुनिया अपने आप को लोकतांत्रिक व्यवस्था कहलवाना पसंद करती है। यहां तक कि मजहबी राजनीतिक व्यवस्था वाले देश भी अपने नाम में किसी न किसी तरह लोकतंत्र शब्द को शामिल करके स्वयं को प्रगतिशील साबित करने का प्रयास करते हैं।

पर आश्चर्य की बात है कि लोहावरणवादी कम्युनिस्ट व्यवस्था को जबरन ढो रही चीन की जनता ने आज से चार दशक पहले लोकतंत्र के पक्ष में आवाज उठाई तो उसे टैंकों ने रौंद दिया और आज लोकतांत्रिक वैश्विक समाज उस घटना को लगभग भूल सा गया लगता है। दरअसल 4 जून, 1989 में चीन के बीजिंग का तियानमेन चौक बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों का केन्द्र बना, जिसे चीन के कम्युनिस्ट शासकों ने बुरी तरह कुचल दिया। इसकी पृष्ठभूमि में जाएं तो पता चलता है कि 1980 के दशक में चीन बड़े बदलावों से गुजर रहा था। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने कुछ निजी कंपनियों और विदेशी निवेश को अनुमति देना शुरू कर दिया। चीनी नेता डेंग जियाओपिंग को इससे अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने और लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठने की आशा थी। इस कदम से राजनीतिक खुलेपन की उम्मीद भी जगी, लेकिन उस समय कम्युनिस्ट पार्टी दो भागों में बंट गई। एक वर्ग वो जो तीव्र परिवर्तन की मांग कर रहा था, तथा दूसरा वो कठोर राज्य नियंत्रण बनाए रखना चाहता था। इस दौरान छात्रों के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए। इसमें भाग लेने वालों में वे लोग शामिल थे जो विदेश में रह चुके थे और नए विचारों तथा उच्च जीवन स्तर से परिचित थे। 1989 में अधिक राजनीतिक स्वतंत्रता की मांग के साथ विरोध प्रदर्शन बढ़ गये। प्रदर्शनकारियों को एक प्रमुख राजनीतिज्ञ हू याओबांग से प्रोत्साहन मिला, जिन्होंने कुछ आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तनों की देखरेख की। दो वर्ष पहले राजनीतिक विरोधियों ने उन्हें पार्टी के शीर्ष पद से हटा दिया था। अप्रैल में हू की मौत हो गई, उनके अंतिम संस्कार के दिन हजारों लोग एकत्रित हुए और उन्होंने अधिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा कम सेंसरशिप की मांग की। अगले सप्ताहों में, प्रदर्शनकारी तियानमेन चौक पर एकत्र हुए, जिनकी अनुमानित संख्या दस लाख तक थी। तत्कालीक कम्युनिस्ट व्यवस्था ने इस दौरान न केवल हजारों निर्दोष नागरिकों, विशेषकर छात्रों और श्रमिकों का निर्मम दमन किया गया, बल्कि करोड़ों चीनी नागरिकों के मौलिक संवैधानिक अधिकारों को भी रौंद दिया। 3-4 जून की रात, चीन की जनमुक्ति सेना ने बख्तरबंद टैंकों और हथियारों से छात्रों पर हमला किया। हजारों की संख्या में निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई। यह भयावह घटना इतिहास में चार जून की घटना या तियानमेन नरसंहार के नाम से दर्ज है जो आज भी चीन में एक वर्जित विषय बना हुआ है।



घटना वाले दिन बीजिंग की सडकों पर वह भयावह मंजर शुरू हुआ। चीनी सेना ने राजधानी में प्रवेश कर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार 35-36 लोग मारे गए। लेकिन यह तो केवल शुरूआत थी। 4 जून की सुबह करीब 4 बजे, जब तियानमेन चौक पर हजारों की संख्या में निहत्थे छात्र, नागरिक, बच्चे और बुजुर्ग शांतिपूर्वक लोकतंत्र और पारदर्शिता की मांग को लेकर एकत्र थे, तब कम्युनिस्ट सरकार ने क्रूरतम रूप का प्रदर्शन किया। सरकार ने न सिर्फ टैंक और हथियारबंद जवानों को तियानमेन चौक पर भेजा, बल्कि लड़ाकू विमानों तक की तैनाती की। बिना किसी चेतावनी के गोलियां बरसाई गईं। निर्दोष लोगों को कुचला गया, दौड़ते बच्चों को निशाना बनाया गया, और चौक को रक्तरंजित कर दिया गया। यह कार्रवाई सिर्फ एक नरसंहार नहीं बल्कि लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की भावना पर एक संगठित, राज्य-प्रायोजित प्रहार था। बीजिंग की सडकों पर मानव रक्त की नदियाँ बह रही थीं। यह कोई युद्ध का मैदान नहीं था, बल्कि एक शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रदर्शन के खिलाफ राज्य द्वारा चलाया गया सुनियोजित नरसंहार था। चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने छात्रों और नागरिकों की शांतिपूर्ण मांगों का उत्तर टैंकों और गोलियों से दिया। रात के अंधेरे में बीजिंग की सडकों पर टैंक गर्जना करने लगे और कुछ ही घंटों में लगभग 10,000 निर्दोष लोगों की जानें चली गईं। चीनी सरकार अनुसार, दो सौ लोग मरे और तीन हजार घायल हुए। तियानमेन नरसंहार को लेकर वर्षों तक चीन सरकार ने मृत्यु संख्या को लेकर पूर्ण गोपनीयता बनाए रखी, लेकिन समय के साथ कुछ अंतर्राष्ट्रीय दस्तावेज सामने आए, जिन्होंने इस भयावह घटना की असली तस्वीर उजागर की। चीन में तत्कालीन ब्रिटिश राजदूत एलन डॉनल्ड ने 1989 में लंदन भेजे अपने एक गोपनीय टेलीग्राम में स्पष्ट रूप से कहा था कि इस सैन्य कार्रवाई में कम से कम 10,000 लोगों की मृत्यु हुई। यह टेलीग्राम घटना के 28 वर्षों बाद सार्वजनिक हुआ। हांगकांग बैप्टिस्ट विश्वविद्यालय में चीनी इतिहास, भाषा और संस्कृति के विशेषज्ञ ज्यां पिए कबेस्टन ने भी इस टेलीग्राम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ह्यब्रिटिश राजनयिकों द्वारा भेजे गए आँकड़े हैं और इन्हें खारिज नहीं किया जा सकता। प्रसिद्ध चीनी लेखक और सामाजिक आलोचक लियाओ इयवु ने तियानमेन नरसंहार को लेकर अपनी लेखनी के माध्यम से चीनी सत्ता की क्रूरता को बेनकाब किया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि चीन अब पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। ह्यबॉल्स ऑफ ओपियमह्न नामक अपनी पुस्तक में, जो विशेष रूप से तियानमेन चौक की घटना पर आधारित है, उन्होंने लिखा, ह्यलोकतंत्र की स्थापना के लिए संघर्ष कर रहे हजारों लोगों को सेना ने निर्ममता से कुचल दिया। यह पुस्तक न केवल चीन में प्रतिबंधित कर दी गई, बल्कि लियाओ को इस विचारधारा के खिलाफ बोलने के कारण जेल, गुप्त निगरानी और अंततः निर्वासन तक का सामना करना पड़ा। इस घटना के बाद भी चीनी सरकार ने दमनात्मक रवैया छोड़ा नहीं बल्कि अत्याचारों की सारी सीमाएं लांघ दी। 6 जून नरसंहार के तुरंत बाद चीन में स्थित विदेशी दूतावासों ने अपने-अपने नागरिकों को सुरक्षा कारणों से देश छोड ? के निर्देश जारी किए ताकि इस घटना पर पर्दा डाला जा सके। 16 जून को आंदोलन का नेतृत्व करने वाले छात्र नेताओं की व्यापक गिरफ्तारी शुरू हुई। विभिन्न विश्वविद्यालयों से जुड़े 1000 से अधिक छात्र नेताओं को चिन्हित कर हिरासत में लिया गया। अगले दिन 17 जून बीजिंग में 8 नागरिकों को मृत्युदंड दिया गया। 20 जून को चीन ने सभी ट्रैवल वीजा पर रोक लगा दी। यह निर्णय इसलिए लिया गया ताकि कोई भी आंदोलनकारी देश छोडकर अंतर्राष्ट्रीय समर्थन न प्राप्त कर सके, और विरोध की आवाज को सीमा के भीतर ही दबा दिया जाए। वैसे तियानमेन नरसंहार वामपंथी विचारधारा के चरित्र का कोई अपवाद नहीं, बल्कि उसकी सतत अमानवीय प्रवृत्तियों की ही एक कड़ी है। इतिहास के पन्ने पलटने पर स्पष्ट होता है कि वामपंथी अधिनायकवाद का पूरा इतिहास ऐसे ही संविधान-विरोधी अत्याचारों और दमन की घटनाओं से अटा पड़ा है। लेनिन के नेतृत्व में बोल्शेविक क्रांति के बाद लाखों विरोधियों का दमन, स्टालिन के ग्रेट पर्ज के दौरान अनुमानित दो करोड़ से अधिक लोगों की हत्या, और माओत्से तुंग के ह्यग्रेट लीप फारवर्डह्न और ह्यकल्चरल रेवेल्यूशनह्न में करोड़ों लोगों की मौतें, यह दिखाती हैं कि वामपंथी शासन अक्सर आलोचना और विरोध को कुचलने के लिए नरसंहार और दमन को ही नीति का रूप दे देता है। यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि भारत के वामपंथी विचारक और संगठन भी उन्हीं वैश्विक व्यक्तित्वों लेनिन, माओ और स्टालिन से वैचारिक प्रेरणा लेते रहे हैं, जिनकी नीतियाँ अत्याचार, दमन और हिंसा से जुड़ी रही हैं। चाहे वह बंगाल और केरल की वामशासित सरकारों में राजनीतिक हिंसा का इतिहास हो, या फिर नक्सलवाद और अर्बन नक्सलिज्म के माध्यम से राज्यविरोधी हिंसक गतिविधियाँ, इन सबमें वामपंथी विचारधारा की भूमिका बार-बार सामने आती रही है। भारत-चीन युद्ध के दौरान जैसे भारत के कम्युनिस्टों ने दुश्मन देश का समर्थन कर अपने चरित्र का प्रमाण दिया उसी तरह तियानमेन चौक नरसंहार पर भी उन्होंने चीन को मूक समर्थन दिया। टाइम्स आफ इण्डिया में 16 जून, 1989 को प्रकाशित वी. आर. मणि के एक लेख ह्यलेफ्ट स्टैंड ऑन चाइना कन्फलिक्ट में बताया गया कि ह्य1989 में जब चीन के तियानमेन चौक पर लाखों छात्र लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और भ्रष्टाचार के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, तब चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने उन पर टैंकों और बंदूकों से अत्यंत निर्मम दमन किया। परंतु इस भीषण नरसंहार पर भारतीय वामपंथी दलों, विशेष रूप से सीपीआई (एम) और सीपीआई का रुख विरोधाभासी और मौन समर्थन देने वाला था। इन दलों ने न तो इस नरसंहार की स्पष्ट रूप से निंदा की और न ही चीन सरकार की आलोचना की। सीपीआई (एम) ने इसे चीन का आंतरिक मामला बताकर टालने का प्रयास किया और छात्रों की गतिविधियों को राजनीतिक अस्थिरता फैलाने वाला कहकर चीन की कार्रवाई को परोक्ष रूप से उचित ठहराया। टाइम्स आफ इण्डिया के ही 16 जनवरी, 1990 को प्रकाशित सम्पादकीय में बताया गया कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने सार्वजनिक रूप से तियानमेन चौक नरसंहार का बचाव किया। पार्टी के मुखपत्र देशाभिमानी (मलयालम) ने तियानमेन के छात्र प्रदर्शनकारियों को उपद्रवी कहा और चीन सरकार की सैन्य कार्रवाई का समर्थन किया।

# सोशल मीडिया बच्चों को हिंसक एवं बीमार बना रहा है



ललित गर्ग

सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग से बच्चों का बचपन न केवल प्रभावित हो रहा है, बल्कि बीमार, हिंसक एवं आपराधिक भी हो रहा है। यह चिंताजनक एवं चुनौतीपूर्ण है। यह बच्चों को समय के प्रति, परिवार एव सामाजिक कौशल के प्रति और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। सोशल मीडिया ने बच्चों से बाल-सुलभ क्रीड़ाएं ही नहीं छीनी बल्कि दादी-नानी की कहानियों से भी वंचित कर दिया है। कुछ विशेषज्ञ इस बात से चिंतित हैं कि सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बच्चे अनैतिक, उग्र, जिद्दी एवं आक्रामक भी हो रहे हैं, जो उन्हें चिंता और अवसाद में धकेल रहे हैं। बच्चें सोशल मीडिया पर वक्त ज्यादा गुजार रहे हैं, ऑनलाइन गेम्स ने बच्चों की दुनिया ही बदल दी है। अब ये आवाज उठने लगी है कि क्यों न बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग को प्रतिबंधित कर देना चाहिए? टेन के हार्परकॉलिन्स और नीलसन आईक्यू की एक अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट में ऐसे ही चिन्ताजक तथ्य सामने आये हैं कि बड़ी संख्या में युवा माता-पिता कहानियों की बजाय डिजिटल मनोरंजन को प्राथमिकता दे रहे हैं। पंचतंत्र से लेकर स्नो व्हाइट पिनोकियो जैसी कहानियां अब शेल्फ पर धूल फांक रही हैं। नये बन रहे समाज एवं परिवार में सोशल मीडिया जहर घोल रहा है। स्मार्टफोन बड़ों ही नहीं, बच्चों के हाथ में आ गया है। जवान और बूढ़े ही नहीं छोटे-छोटे बच्चे तक इसके आदी होते जा रहे हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक, गेम्स सब कुछ स्मार्टफोन पर होने की वजह से बच्चों और युवाओं में इसकी आदत अब धीरे-धीरे लत में तब्दील होती जा रही है। सोने के समय बच्चों को कहानियां सुनाना या उनके लिए लोरियां गाना कभी पारिवारिक संस्कृति का अहम हिस्सा हुआ करता था। दादी-नानी हों या माता-पिता की सुनाई गई परीकथाएं बच्चों के लिए नींद से पहले की सबसे प्यारी यादें होती थीं। लेकिन अब सोशल मीडिया के आने से इसके बिना बचपन सूना हो रहा है। बच्चे किताबों और खेलकूद के मैदानों से दूर हो रहे हैं। स्क्रीन की नीली रोशनी उनकी आंखों के साथ दिमागी सेहत पर भी बुरा असर डाल रही है। इसके अलावा शारीरिक श्रम एवं रचनात्मकता भी कम हो गई है। यह केवल पश्चिमी देशों की ही नहीं, भारत की भी सच्चाई बन चुकी है। जेन जेड यानी 1996 से 2010 के बीच जन्मे युवा माता-पिता अब इस प्यारी परंपरा से मुंह मोड़ रहे हैं। हालिया शोधों से पता चला है कि अब कहानियां पढ़ना-सुनाना जेन जेड माता-पिता के लिए जिम्मेदारी एवं मनोरंजन नहीं बल्कि एक थकाऊ काम बन गया है। मोबाइल अब केवल बच्चों के लिए ही समस्या नहीं है, बल्कि बड़े भी इसकी चपेट में हैं। यह सिर्फ फोन या मैसेज करने तक ही सीमित नहीं रहा है। ना जाने कितने ही तरह के ऐप्स, व्हाट्सएप, फेसबुक जैसी सोशल मीडिया एप, और गेम्स बड़ो एवं बच्चों को दिन भर व्यस्त रखते हैं। लेकिन अगर मोबाइल के बिना आपको बेचैनी होती है तो समझ जाइये कि आप भी इस एडिक्शन के शिकार होते जा रहे हैं जो आपके लिए चिन्ता की बात है। टेन के हार्परकॉलिन्स और नीलसन आईक्यू की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में खासकर महानगरों और शहरी इलाकों में सोशल मीडिया का बच्चों में प्रचलन अधिक बढ़ रहा है। पढ़ने को मनोरंजन एवं ज्ञान का हिस्सा मानने की बजाय गंभीर पढ़ाई से जोड़कर देखा जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक नई पीढ़ी के अभिभावकों को लगता है कि बच्चों को कहानी सुनाना एक अतिरिक्त जिम्मेदारी है। शहरीकरण एवं पारिवारिक संरचना में बदलते स्वरूप से पिछले दस सालों में बड़े बदलाव हुए हैं, संयुक्त परिवार की जगह अब एकल परिवार हैं, जहां दादी-नानी जैसे कहानी सुनाने वाले सदस्य मौजूद नहीं है। समय की कमी, कामकाजी जीवन की व्यस्तता और थकान के कारण माता-पिता के पास बच्चों को कहानी सुनाने का समय नहीं बचता। नई पीढ़ी के माता-पिता खुद ही पढ़ने की आदत से दूर हो चुके हैं, जिससे बच्चों को प्रेरणा नहीं मिलती। स्कूल का होमवर्क भी इसमें बड़ी बाधा है। रिपोर्ट के आंकडों के अनुसार 41 प्रतिशत माता-पिता ही रोज अपने चार साल तक के बच्चों को कहानी सुनाते हैं। जबकि 2012 में यह आंकड़ा 64 प्रतिशत था। 28 प्रतिशत जेन जेड माता-पिता पढ़ने को एक मजेदार गतिविधि नहीं मानते। बच्चों की सोशल मीडिया चैनल्स पर उपस्थिति उन्हें वास्तविक जीवन से दूर करके वर्चुअल दुनिया में ले जा रही है। जहां दिखावटीपन एवं नकारात्मकता की भरमार है। इससे बच्चों का बचपन तो छिन ही रहा है, उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास भी अवरुद्ध हो रहा है। सोशल मीडिया यानी यूट्यूब-इंस्टा, अन्य सोशल साइट की लत बच्चों को वास्तविक दुनिया से दूर कर रही है और उनकी एकाग्रता, याददाश्त और ध्यान की क्षमता को कम करके उन्हें अपंग, बीमार एवं हिंसक बना रही है। बच्चे अपने प्रश्नों का हल या समस्या का निवारण किताबों में ढूँढकर पढ़ने के बजाय केवल मोबाइल पर ढूँढने के आदी होते जा रहे हैं जो उचित नहीं है। मोबाइल और साइबर एडिक्शन अब एक गम्भीर समस्या बनती जा रही है जो बच्चों की दिनचर्या पर बुरा असर डाल रही है। इससे मानसिक विचलन और चिड़चिड़ापन बढ़ता जा रहा है कि हम छोटी छोटी बातों पर घर-परिवार के सदस्यों पर गुस्सा करने लग गये हैं। मोबाइल आपके बच्चे से उसका बचपन ही नहीं छीन रहा है बल्कि उसे हिंसक भी बना रहा है। हरियाणा में 9 साल के एक बच्चे को इसकी इतनी बुरी लत थी कि उसने स्मार्टफोन छीने जाने की वजह से अपना हाथ काटने की कोशिश की। मोबाइल की लत का ये इकलौता मामला नहीं है। 12 साल का अविनाश मोबाइल के बिना एक पल नहीं रह सकता। उससे अगर मोबाइल छीन लिया जाये तो वो गुस्से में आ जाता है। ऐसी ही लत है भोपाल यूनिवर्सिटी की प्रिया को। उसे व्हाट्सऐप की ऐसी लत लगी कि वह पूरी रात जगी रह जाती है। अब वह इस लत से छुटकारा पाने के लिए मानसिक अस्पताल में काउन्सलिंग ले रही है। मोबाइल की लत से बच्चे आपराधिक भी होते जा रहे हैं और गलत कदम तक उठा रहे हैं। अभी हाल ही में ग्रेटर नोएडा में एक 16 वर्षीय लड़के ने अपनी माँ और बहन की हत्या कर दी क्योंकि बहन ने शिकायत कर दी थी कि भाई दिन भर मोबाइल फोन पर खतरनाक गेम खेलता रहता है और इसलिए माँ ने बेटे की पिटाई की, उसे डाँटा और उसका मोबाइल छीन लिया। मोबाइल पर मारधाड़ वाले गेम खेलते रहने के आदी लड़के का गुस्सा इसी से बढ़ गया। इसी तरह कुछ महीनों पहले कोटा में एक 16 वर्षीय किशोर ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस की जाँच पड़ताल में पता चला कि बच्चे को पबजी गेम खेलने की लत थी और दिनभर मोबाइल में गेम खेलता रहता था। जब घरवालों ने मोबाइल छीन लिया और देने से मना कर दिया तो यह गलत कदम उठा लिया।



# मंडी समिति में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सौपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चांदपुर :** कृषि उत्पादन मंडी समिति के प्रांगण में मुनीम ऐसोसियेशन ने कृषि उत्पादन मंडी समिति चांदपुर ने मंडी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एक ज्ञापन मंडी सचिव दीपक कुमार को सोपा / मुनीम एसोसियेशन के पदाधिकारी ओर कार्यकताओं ने कृषि उत्पादन मंडी समिति गुड मंडी में इंडियामार्का हेड पंप में गंदा पानी आने और बिजली व्यवस्था सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की, गुड मंडी में व्यापारीगण, दर्जनों मुनीम तथा सैकड़ो की संख्या में पल्लेदार मजदूर. पीने के साफ पानी को तरस रहे हैं। मंडी में लगे सभी हेड पंप में दूषित गन्दा पानी आ रहा है।जिसे पल्लेदारों और मुनीमो में गंभीर बीमारी होने का खतरा बढ़ गया है।यह मंडी क्षेत्र नगर पालिका चांदपुर के क्षेत्र में आता है।पालिका मंडी समिति से लाखों रुपए प्रति वर्ष टैक्स वसूलती है इसके बाद भी पालिका की तरफ से ना तो शुद्ध पीने के पानी की व्यवस्था है ना आज तक कोई गर्म ठंडे पानी की मशीन लगी है ना ही सफाई की व्यवस्था की जाती है आक्रोशित मुनीम एसोशियेशन के पदाधिकारीयो ने मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ज्ञापन मंडी सचिव को सौपा,शीघ्र ही मांग पूरी नहीं होने पर उच्च अधिकारियों को समस्याओ से अवगत कराने की चेतावनी दी। इस मौके पर मुनीम एसोसियेशन के संरक्षक वीरेंद्र कुमार राजपूत, ओर निखिल कुमार अग्रवाल, अरविंद जोशी, प्रदीप ठाकुर, उदयराज सिंह, बृजपाल सिंह टीटू, संजय चौहान, अमरकांत शर्मा, अखिलेश शर्मा, नरेश प्रजापति, आदि मुनीम उपस्थित रहे।

# मजदूरी का पैसा मांगना दुकानदार को पड़ा भारी, दबंग युवक ने की मारपीट, वीडियो वायरल

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** टोडी फतेहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दुगारा से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है।यहां एक दुकानदार को अपनी मेहनत की मजदूरी मांगना इतना भारी पड़ गया कि गांव के ही दबंग युवक ने उसके साथ सरेआम मारपीट कर दी। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम दुगारा निवासी सोनू पुत्र सुखनंदन गांव में पंखा-कूलर की मोटर मरम्मत की दुकान चलाता है। सोनू ने बताया कि बीते दिन गांव का ही एक दबंग व्यक्ति उसकी दुकान पर आया और अपनी मरम्मत कराई गई मोटर मांगी। जब सोनू ने मोटर मरम्मत की मजदूरी मांगी तो दबंग युवक ने पहले गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर उसकी जमकर पिटाई कर दी। दुकानदार सोनू ने बताया कि मारपीट की यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है।पीड़ित ने इसकी शिकायत टोडी फतेहपुर पुलिस को दी है और आरोपित के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।घटना का वीडियो वायरल होते ही पूरे गांव में चर्चा का विषय बन गया है।ग्रामीणों ने भी इस घटना की निंदा करते हुए दबंगई करने वाले युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी टोडी फतेहपुर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होना चर्चा का विषय बना



**वेलकम इंडिया**

**झांसी** जनपद में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होना चर्चा का विषय बन गया है, मामला मऊरानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भानपुरा से सामने आया है मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनो पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है मृतका के पिता एवं भाई ने मीडिया के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई है मऊरानीपुर पुलिस ने मृतका का पंचनामा भरकर आवश्यक जांच शुरू कर दी है, मृतका कुसुम के परिजनों का आरोप है कि मेरी पुत्री को ससुरालीजन मानसिक रूप से परेशान करते थे उसके साथ बुरा व्यवहार एवं मारपीट तक की जाती थी मृतका की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है मऊरानीपुर पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्डम करवाया जा रहा है मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# क्रीड़ा भारती की ओर से समर कैंप का समापन समारोह आरंभ इवेंट्स के द्वारा किया गया

**वेलकम इंडिया**




प्रयागराज में नियो हाइट्स अपार्टमेंट में क्रीड़ा भारती की ओर से चल रहे समर कैंप का समापन समारोह आरंभ इवेंट्स के द्वारा किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत सत्कृति दुबे ने गायत्री मंत्र तथा हनुमान चालीसा सुना कर की ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि आर एस वर्मा अवकाश प्राप्त आई ऐ एस अधिकारी तथा अखिल भारतीय महिला सम्मेलन इलाहाबाद सुबोधिनी शाखा की प्रेजिडेंट रचना अग्रवाल ने बच्चों को ट्रॉफी, कप दे कर उत्साहित किया।क्रीड़ा भारती के सदस्य प्रियांक गुप्ता,नवीन पोरवाल,, राघवेन्द्र शुक्ला,अतुल सिद्धार्थ,राम प्रसाद आदि विभिन्न खेलो के कोच ने उपस्थित अभिभावकों को खेल के महत्त्व एवं क्रीड़ा भारती के बारे में बताया कि किस तरह यह संस्था खेल एवं खिलाड़ियों के लिए कार्य करती है ।अभिभावकों ने समर कैंप के आयोजन के लिए अर्चना मौर्य का आभार व्यक्त किया। सोसाइटी की प्रेजिडेंट,अमिता गिरी,सेक्रेट्री अंशुल बहल के सहयोग के लिए आरंभ इवेंट्स ने धन्यवाद किया। इस अवसर पर नियो हाइट्स अपार्टमेंट के शरद यादव,रितेश सक्सेना, प्रज्ञा मिश्रा, योगेंद्र अरोरा,दिनेश सिंग आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। शुभ वर्मा ने अपनी कवित कविताएं सुना कर बच्चों को खेल के प्रति जागरूक किया,तहजीब जी ने गीता के मर्म को छंदों में अभिव्यक्ति दी अभिभावकों में डॉ मधुलिका,डॉ रश्मि, अंजलि मौर्य ने इस तरह का आयोजन बार बार करने की योजना बनाने की बात की । कार्यक्रम का समापन आकाशवाणी और दूरदर्शन की ग्रेड वन आर्टिस्ट मोहिनी सिंह की गजल एवं लोक गीत से हुआ ।सभी ने मियां बाय तनिष्क के राज केशरवानी,झलक का उपहार देने के लिए आभार व्यक्त किया।

आरंभ इवेंट्स और क्रीड़ा भारती ने इस समर कैंप को आयोजित करने में सहयोग करने के लिए नीरज मौर्य का विशेष आभार प्रकट किया।

# सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

रामपुर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इंस्टाग्राम आईडी से आपत्तिजनक पोस्ट करने के अभियुक्त मौ0 अनस पुत्र मंसूर अली निवासी मौहल्ला मोती मस्जिद कस्बा दढियाल थाना टाण्डा जनपद रामपुर को आज दिनांक 08.06.2025 को थाना टाण्डा क्षेत्रान्तर्गत जटपुरा के पास से गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त के पास से मल्टीमीडिया मोबाईल फोन वन प्लस 11 फ बरामद किया गया ।अभियुक्त मौ0 अनस द्वारा अपने अन्य अज्ञात साथियों के साथ कारित किये गये अपराध के सम्बन्ध में थाना टाण्डा पर मु0अ0सं0- 274/25 धारा-353(2)/351(4)/352 इठर बनाम मौ0 अनस व अन्य अज्ञात सोशल मीडिया साथी पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी

# फरीदा बांगर में उपभोक्ताओं को खून के आंसु रूला रहा जियो टावर, आए दिन हो रहा बंद,जिम्मेदारो ने मूंदी आंखे

**वेलकम इंडिया**




**ऊंचागांव :** विकासखंड क्षेत्र के गांव फरीदा बांगर में लगा जियो मोबाइल टावर आए दिन बंद होने से इन दिनों उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नेटवर्क समस्या को लेकर उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश पनप रहा है।महीनों से टावर बंद होने की समस्या के आभाव की वजह से स्लो नेट को लेकर उपभोक्ताओं को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।गांव में जियो टावर बंद होना आम बात हो गई है, बारिश शुरू होते ही टावर का बंद होना समस्या को लेकर यहां के उपभोक्ताओं में आक्रोष पनपने लगा है।उनके द्वारा सिम कार्ड बदलने की बात कही जा रही है।ग्राम पंचायत फरीदा बांगर में स्थित जियो टावर के आश्रित लगभग तीन गांव मे यह समस्या बनी हुई है।4 जी के लगभग गांव में हजारों से ज्यादा उपभोक्ता सिम पर निर्भर हैं।इसके बावजूद कंपनी द्वारा जिम्मेदार कर्मचारी टावर बंद होने की समस्या का कोई समाधान नहीं कर रहे हैं।वर्तमान में इसकी रेंज की छमता में वृद्धि नहीं की जा रही है।वर्तमान में इस रेंज की छमता से घरों के बाहर ही नेटवर्क थोड़ा थोड़ा ही मिल पा रहा है, लेकिन अंदर मे नेटवर्क का आभाव बना हुआ है।टावर गांव के बीचों बीच स्थित है।उपभोक्ताओं ने टावर आए दिन बंद होने की समस्या के साथ साथ टावर की रेंज बढ़ाने के साथ कंपनी की इंटरनेट सेवा सुवव्यस्तीथ करने की मांग की है।उपभोक्ताओं को सिग्नल नही मिलने से टावर की रेंज से जुडे गांवों में इंटरनेट सेवा बुरी तरह बाधित हो रही है।टावर के बंद होने की समस्या की वजह से ऑनलाइन कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

# लापरवाही : ढलना में टूटी हुई नाली क्रॉसिंग दे रही हादसों को निमंत्रण

**ऊंचागांव :** विकासखंड क्षेत्र के गांव ढलना में रास्ते के बीचों बीच नाली क्रॉसिंग टूट जाने से ग्रामीणों को लगातार हादसों को निमंत्रण दे रही है।नाली क्रॉसिंग टूट जाने से आए दिन आवागमन करने वाले वाले वाहनों की दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।संजीव राणा ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर गुहार लगाई है।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बीते कुछ दिनों पहले बनाई गई थी,नाली क्रॉसिंग लेकिन घटिया सामग्री लगाई जाने की वजह से टूट गई है। लेकिन ब्लॉक के आला अधिकारियों ने अभी तक नाली क्रॉसिंग की मरम्मत कराने के लिए जहमत तक नहीं उठाई है।सबसे ज्यादा खराब नाली क्रॉसिंग टूटने से चोड़ी हो जाने की वजह से बाइक चालकों को बाइक निकालने में काफी समस्या होती है।जिससे कमर टूटने का डर लगा रहता है।खासकर बाइक पर महिला बैठी है तो खतरा और भी ज्यादा बढ़ जाता है।नाली क्रॉसिंग टूटने से चोड़ी हो चुकी है।नाली की समस्या को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश पनप रहा है।

# रामपुर मे जरी जरदोजी और आबाया कारीगरी को देखकर तीन देशों की राजदूत हैरान रह गईं

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



रामपुर बिलासपुर गेट स्थित एक कारखाने में जरी, जरदोजी और बुर्के तैयार करने की प्रक्रिया को देखते हुए लक्जमबर्ग, एस्टोनिया और चेक गणराज्य की राजदूत। साथ में पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां। जरी जरदोजी और आबाया कारीगरी देखकर तीन देशों की राजदूत हैरान रह गईं। भारत में लक्जमबर्ग की राजदूत पैगी फ्रांत्जेन, चेक गणराज्य की राजदूत एलिस्का जिगोवा और रिपब्लिक ऑफ एस्टोनिया की राजदूत मार्जे लूप ने रामपुर में होने वाले जरी जरदोजी और अबाया तैयार किए जाने की प्रक्रिया का जायजा लिया। इसके लिए तीनों राजनयिक रविवार को बिलासपुर गेट स्थित शन्नू खान के कारखाने पहुंचीं और इस कार्य के हुनरमंदों से मुलाकात की। पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के आमंत्रण पर रामपुर आईं तीन देशों की राजदूत रविवार को स्थानीय जरी जरदोजी कारीगरों और आबाया निर्यातक से रूबरू हुईं। नवेद मियां ने राजनयिकों को बताया कि भारत में प्राचीनकाल से ही लोकप्रिय जरी जरदोजी अब दुनियाभर में फैशन जगत में प्रमुख रूप ले चुकी है। पहले इसे शाही परिधानों में ही प्रयोग किया जाता था, लेकिन अब सभी परिधानों में कढ़ाई का प्रयोग हो रहा है। रामपुर ऐसा शहर है, जहां यह कार्य प्रमुख रूप से होता है और अब जरी जरदोजी के जरिये यहां तैयार अबाया दुनियाभर के मुस्लिम देशों में बिक रहे हैं। राजनयिकों ने हुनरमंदों की प्रशंसा की और अपने देशों में भी रामपुरी हुनर के प्रमोशन की बात कही।इससे पूर्व राजदूतों ने रजा लाइब्रेरी का दौरा किया। लाइब्रेरी में उन्होंने हामिद मंजिल की भव्यता को सराहा और पूर्व सांसद बेगम नूरबानो को दहेज में मिले लोहारु कलेक्शन को भी देखा। हालांकि, राजनयिक लाइब्रेरी का मूल संग्रह नहीं देख सकीं।लघुचित्र, पाण्डुलिपियाँ, ग्रंथ और पेंटिंग्स लाइब्रेरियन न होने के बहाने सील किये गए कमरों में बंद हैं।

# हंसराज पप्पू जी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से उनके कार्यालय , लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की

**गुलजार आलम वेलकम इंडिया**



रामपुर निवर्तमान जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, रामपुर के हंसराज पप्पू जाटव ने उत्तर प्रदेश के यशस्वी माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से उनके कार्यालय, लखनऊ में शिष्टाचार भेंट करी और रामपुर जनपद की समस्या मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के समक्ष रखी, हंसराज ने कहा, रामपुर जनपद की तहसील मिलक में पी०डब्लूय०डी०/एन०जी०टी० नगर पालिका के आदेशों के तहत वैध किरायेदार की दुकान हटायें जाने की कार्यवाही पर रोक लगाने के सम्बन्ध में आपसे आग्रह करना चाहता हूं। आपसे निवेदन हैं कि व्यापारीगण नगर पालिका परिषद, मिलक, जनपद रामपुर के पुराने वैध दुकानों में विगत 40 वर्षो से विधिवत रूप से व्यवसाय कर रहें हैं, यह दुकान नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा विधिपूर्वक किराये पर दी गयी हैं, जिनका किराया व्यापारीगण नियमित रूप से जमा कर रहें हैं, हाल ही में व्यापारीगण को सूचित किया गया हैं कि व्यापारीगण की दुकानों को सड़क चौड़ीकरण / अतिक्रमण हटाओं अभियान के अन्तर्गत हटाया जा रहा हैं, जो पी० डब्लूय० डी०/एन० जी० टी० के निदेशों के अनुपालन में किया जा रहा हैं, व्यापारीगण निम्न तथ्यों के आधार पर इस कार्यवाही पर मान्यवर जी हस्तक्षेप एवं आपसे व्यापारियों के पक्ष में न्याय की प्रार्थना करते हैं।साथ ही साथ दूसरे विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा,जनपद रामपुर में एक डॉ भीमराव अम्बेडकर छात्रावास है, उसकी विल्डिंग बहुत बुरीतरह से जर जर हो चुकी हैं, उस छात्रावास बिल्डिंग को पुनः निर्माण कराये जाना अति आवश्यक है, जिससे निर्धन, गरीब छात्र उसमे रहकर पढ़ सकें, मेरा आपसे अनुरोध है, कि इस सामाजिक कार्य कराने की कृपा करें। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आश्वासन देते हुए कहा, आप चिंता ना करें मैं इन विषय को संज्ञान में लूंगा, आप लोगों की समस्या का निस्तारण करने का प्रयास करूंगा।

# मऊरानीपुर में दारू पार्टी के दौरान हुआ विवाद, छत से गिरने से युवक की मौत



**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** खबर झांसी के मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र से है।जहां दारू पार्टी के दौरान हुए विवाद के बाद युवक की छत से गिरने से मौत हो गई। सुबह घटना की सूचना जैसे ही परिजनों को हुई तो परिजन मौके पर पहुंचे। और हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मऊरानीपुर के कुरेचा नाका निवासी आदित्य राय पुत्र प्रेम नारायण राय ने कोतवाली प्रभारी को दिए प्रार्थना पत्र बताया कि विगत रात्रि उसके चाचा को घर से कुछ लोग अपने साथ ले गए थे। जहां अग्रसेन महाविद्यालय के सामने बने फार्म हाउस पर रात्रि में दारू पार्टी की गई।

# अग्रवाल समाज प्रयागराज का शपथ ग्रहण समारोह भव्यता एवं गरिमा के साथ सम्पन्न

वेलकम इंडिया




**प्रयागराज।** अग्रवाल समाज प्रयागराज (पंजीकृत) की नव-निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज कटरा स्थित रॉयल गार्डन में अत्यंत भव्य एवं गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। समाज के वरिष्ठजनों, आजीवन सदस्यों, महिलाओं और युवाओं की उल्लेखनीय सहभागिता ने इस आयोजन को एक सामाजिक उत्सव में परिवर्तित कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और अग्रसेन वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल ने स्वागत भाषण के माध्यम से समाज की संगठनात्मक दृष्टि और भावी योजनाओं की झलक प्रस्तुत की। समारोह में सुप्रीम कोर्ट से सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति श्री राजेश कुमार अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में, डॉ. पीयूष रंजन अग्रवाल (अध्यक्ष, अग्रवाल जातीय शिक्षा परिषद) विशिष्ट अतिथि के रूप में, कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री आर. के. अग्रवाल, एवं पद्मश्री डॉ. श्याम बिहारी अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह के दौरान अध्यक्ष श्री पियूष रंजन अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल, महामंत्री श्री अभिषेक मित्तल, कोषाध्यक्ष श्री मनीष गोयल, सह-कोषाध्यक्ष श्री मुकेश अग्रवाल, उपाध्यक्षगण, मंत्रीगण, सहमंत्रीगण तथा कार्यकारिणी सदस्यगण ने विधिवत शपथ ली। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री पियूष रंजन अग्रवाल ने अपने प्रेरणास्पद अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि महाराजा अग्रसेन जी के सिद्धांत समाज को समरसता, सेवा और समृद्धि की ओर ले जाते हैं। यह पद केवल सम्मान नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और उत्तरदायित्व का प्रतीक है। उन्होंने आगामी कार्ययोजनाओं की रूपरेखा साझा करते हुए कहा कि अग्रसेन भवन निर्माण, भव्य अग्रसेन जयंती समारोह, अग्रोहा धाम यात्रा, विवाह परिचय सम्मेलन, नियमित रक्तदान एवं चिकित्सा शिविरों का आयोजन तथा समाज के 10,000 आजीवन सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में आजीवन सदस्यों की संख्या लगभग 1500 है। इस अवसर पर महिला मंडल एवं युवा मंडल की नई कार्यकारिणियों की भी घोषणा की गईः महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोना अग्रवाल, महामंत्री श्रीमती सलोनी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती सुनीता पोद्दार युवा मंडल अध्यक्ष श्री अभिनव अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री आशुतोष गोयल, महामंत्री श्री वैभव गोयल, कोषाध्यक्ष श्री अंशु अग्रवाल प्रेस एवं मीडिया समन्वय का दायित्व श्री मनीष गर्ग, श्री निवेश मित्तल एवं श्री गौरव वीरेंद्र अग्रवाल को सौंपा गया। कार्यक्रम में विशिष्ट सम्मान के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के महाधिवक्ता श्री राहुल अग्रवाल, वरिष्ठ पार्षद श्रीमती सोनिका अग्रवाल, एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री नीरज अग्रवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# पांच बर्षो से बदहाली का दंश झेल रहा है पशु सेवा केंद्र लोहरौली ठकुराई

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** बीएमसीटी मार्ग स्थित लोहरौली ठकुराई का पशु सेवा केंद्र बिगत कई बर्षो से विभागीय उदासीनता का दंश झेल रहा है। आलम यह है कि बिगत पांच बर्षो से कोई पशुधन प्रसार अधिकारी नहीं है ।इस सेन्टर के नजदीक के गांव बढ़या बाबा, सरौवां, खम्हरिया, लोहरौली, डिगेश्वर नाथ, घरथौली, लौकी लाला, भरवलिया, छपिया, अहिरौली पिपरा हंकार, मेलान खुर्द, सिसवा दाखिली, पकरी आराजी, खटियांवा, सुम्हां, धवरिया, परासी, रसूलपुर, बरडाड़, बूढ़ी बेलहर, मठियापार आदि गांव के पशुपालक अपने पशुओं के बीमारी का इलाज कराने के लिए यहां आते थे। यहां के प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा उसका समुचित ईलाज किया जाता था ।विभाग द्वारा गावों में कैम्प लगाकर पशुओ में होने वाली बीमारियों तथा उसके लक्षण एवं बचाव के लिए पशु पालको को जागरुक किया जाता था। क्षेत्र के पशुपालक बढया बाबा निवासी गया प्रसाद, ठाकुर प्रसाद, संतराम, परशू, गंगाराम, सोमई, बहरैची, नाथे, चन्दर, डिगेश्वर नाथ डिघवा निवासी पशुपालक साधू,, मंगरु, हरिश्चंद्र, दसरथ, घिराऊ, केदार, लोहरौली निवासी, पठान पकरी आराजी निवासी शिवकुमार, खम्हरिया निवासी संतोष, राकेश, संदीप आदि ने बताया की जब लोहरौली ठकुराई पशुसेवा केन्द्र पर कर्मचारी रहते थे, तो हमलोगो के पशुओ में होने वाली बीमारियों यथा मुंह पका, खुरपका तथा गलाघोटू जैसी बीमारियों का सही समय पर समुचित इलाज प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा हो जाता था लेकिन अब तो बीमार पशुओ का समुचित इलाज नहीं हो पाता और समुचित इलाज न होने के कारण कई बार पशुओ से हाथ धोना पड़ता है ।ग्रामीणों ने शासन- प्रशासन से पशुधन प्रसार अधिकारी की नियुक्ति करने तथा सेंटर का कायाकल्प कराए जाने की मांग किए हैं।

# शादी के बीस दिन बाद ही विवाहिता को दहेज के लिए मारपीट निकाले, मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** विवाहिता के तहरीर मिजार्मुराद पुलिस ने रविवार की दोपहर में पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई।

मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के जोगीपुर गांव निवासी स्व. पारस नाथ गिरी की पुत्री अनिता गिरी की शादी बीते 30 अप्रैल को जंसा थाना क्षेत्र के सजोई गांव निवासी नागेंद्र गिरी के पुत्र किशन गिरी के साथ धूमधाम से हुआ ।विवाहिता का आरोप है कि शादी के दो दिन बाद से ससुराल वाले दहेज में बुलेट गाड़ी व तीन लाख रुपया व सोने की सिकड़ी मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे व आए दिन मारने-पीटने लगे ।जब ससुरालियों से विवाहिता ने कहां जितना दहेज मेरे परिवार के पास था दिये अब नही दे सकते है तो ससुरालियों ने 19 मई को विवाहिता अनिता गिरी को बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिए और बोले जब दहेज की मांग पूरी होगी तभी ससुराल आना ।मिजार्मुराद पुलिस ने विवाहिता अनिता गिरी के तहरीर पर पति किशन गिरी, ससुर नागेंद्र गिरी, सास मीरा देवी, जेठानी रानी देवी, जेठ मखन्चु गिरी व ननद नीलम के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत विवाहिता को मारने पीटना समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज विवाहिता को मेडिकल के लिए भेज दी ।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जल्द ही आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तार कर कार्रवाई किया जाएगा।

# व्यापार मंडल बैठक में हिसाब-किताब को लेकर विवाद

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** बागनाथ मंदिर परिसर में रविवार कोआयोजित नगर व्यापार मंडल की बैठक में वर्तमान व पूर्व नगर अध्यक्षों के बीच लंबे समय से चल रही खींचतान खुलकर सामने आई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा मांगे आय-व्यय को लेकर जमकर बहस और तकरार हुई। इसमें पूर्व नगर अध्यक्ष ने दो दिन का वक्त मांगा है, जबकि वर्तमान अध्यक्ष ने जब तक पूर्व अध्यक्ष द्वारा संतोषजनक ढंग से हिसाबनही दिया जाता है तब तक अपना हिसाब देने से मना कर दिया। जिला कार्यकारिणी वस्तुस्थिति से प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराएगा। मालूम हो कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला ने नगर व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष पर उत्तरायणी मेले के दौरान अस्थायी व्यापारियों से अवैध वसूली का आरोप लगाया था। साथ ही मामले की जांच की मांग भी की थी, जबकि वर्तमान नगर अध्यक्ष कवि जोशी ने पूर्व अध्यक्ष हरीश सोनी से अपने कार्यकाल का हिसाब नहीं देने का आरोप लगाया था ।विवाद गहराता देख प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने जिला कार्यकारिणी को निर्देश दिया कि दोनों ही कार्यकारिणी से आय-व्यय का हिसाब लिया जाए। इसी को लेकर रविवार को बैठक हुई। इसमें नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी ने पूर्व के नगर अध्यक्ष पर उनके कार्यकाल में हुए खर्च का पूरा विवरण नही देने और कंबल वितरण होने का विवरण सहित अपने कार्यकाल में हुई आमदनी और खर्च का विवरण पूरा नही देने के आरोप लगाते हुए शीघ्र निवर्तमान अध्यक्ष से खर्च का विवरण देने और कांग्रेस जिलाध्यक्ष के साथ व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष पर कांग्रेस पदाधिकारी होने के नाते व्यापार मंडल को बदनाम करने वालों के पक्ष में नगर व्यापार मंडल की प्रतिष्ठा को कमजोर करने के आरोप लगाते हुए जिलाध्यक्ष को बैठक में पहुंचकर व्यापारी हितों को समर्थन देने की अपील की थी ।बैठक में नगर अध्यक्ष जोशी ने अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले आय-व्यय का ब्यौरा मांगने को असंवैधानिक और परंपरा के विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि वह हिसाब देने को तैयार हैं, लेकिन कार्यकाल के बीच इस प्रकार का हस्तक्षेप पहली बार हो रहा है।

# थाना प्रभारी से मिले मंडल अध्यक्ष



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय से रविवार को एक मामले के सिलसिले में मिलने पहुंचे भाजपा सेवापुरी मंडल अध्यक्ष अभिषेक दूबे ।मंडल अध्यक्ष ने बताया कि थाना प्रभारी ने तुरंत बातों को सुने व निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन देकर उक्त मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया ।मंडल अध्यक्ष ने कहां की थाना प्रभारी काफी सुलझे हुए है और कोई भी फरियाद लेकर जा रहा है तो गम्भीरता से सुनकर उसपर जो भी कार्रवाई हो रहा है कर रहे है ।मोदी सरकार की मनसा है कोई भी पीड़ित अपनी शिकायत लेकर थाने चौकी पहुंचे तो उसका निस्तारण अवश्य होना चाहिए ।इस दौरान अनुज त्रिपाठी 'किशन', दीपक सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह 'दीपू', अधिवक्ता अमन सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# विहिप व बजरंग दल ने लगाई छबिल, पिलाया शरबत

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** रविवार को भीषण गर्मी के बीच विहिप व बजरंगदल के कार्यकर्ताआ को ने आमजन को राहत प्रदान करने के लिये मीठे शरबत की छबिल लगाकर शरबत वितरण किया। इस दौरान दर्जनों लोग सेवा में मौजूद रहे।

रविवार को नौ तपा के अंतिम दिवस भीषण गर्मी का प्रकोप देखते हुए गांव सुन्ना में विहिप व बजरंग दल के तत्वधान में एक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मीठे शरबत का वितरण किया गया। बजरंग दल के जिला धमार्चार्य प्रमुख रविचन्द ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी गर्मी के बढते प्रकोप को लेकर संगठन के तत्वधान में कई सार्वजनिक स्थानों पर मीठे शरबत का वितरण किया गया। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के प्रखंड मंत्री अभय हुडडा ने कहा इस पहल से भीषण गर्मी में शरबत व शीतल जल की व्यवस्था होने से आमजन को राहत मिली। वहीं दूसरी ओर समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी बल मिला है। इस दौरान समाज सेवी रिटायर फौजी रवि प्रकाश, धर्मेन्द्र मलिक, मोहित, रोहित, तेजपाल, दिपांशु, अजित, हर्ष, शिवम, अनुज, अरुण, विनीत आदि कार्यकर्ता व समाजसेवी मौजूद रहे।

# किशोरी बरामद नहीं होने पर परिजनों का थाने पर हंगामा

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा से एक सप्ताह पूर्व घर से लापता हुई किशोरी के नहीं मिलने पर परिजनों ने थाने पहुंचकर हंगामा करते हुए बरामदगी की गुहार लगाई पुलिस ने जल्दी बरामद करने का आश्वासन दिया। थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी एक व्यक्ति ने एक सप्ताह पूर्व थाने पर तहरीर देकर बताया था कि पीड़ित परिवार सहित गांव के ही ईंट भट्ठे पर कच्ची ईंट की पथाई करने के लिए गया हुआ था। और घर पर पीड़ित की 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री अकेली थी। आरोप है कि जनपद बागपत के गांव हमिदाबाद निवासी युवक आदित्य उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर बाइक पर बैठाकर अपने साथ ले गया था। पीड़ित व्यक्ति ने थाने पहुंचकर अपनी पुत्री को अगवा कर ले जाने का मामला थाने पर दर्ज कराया था। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी युवक एवं किशोरी की तलाश शुरू कर दी थी। पीड़ित परिजनों का आरोप है की घटना को एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस ने किशोरी वह आरोपी युवक को बरामद नहीं किया। रविवार को पीड़ित व्यक्ति ने दर्जनों महिलाओं के साथ थाने पहुंचकर हंगामा करते हुए अपनी पुत्री को बरामद करने व आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति को जल्दी बरामद करने का आश्वासन दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि जल्दी किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

# अवैध संबंधों का विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला राज गार्डन निवासी एक महिला ने अपने पति पर गैर महिला के साथ अवैध संबंध बनाने व विरोध करने पर मारपीट करते हुए घर से निकलने का आरोप लगाया है। दूसरी और एक विधवा महिला ने कई लोगों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला इदरीस बैग बिहार कालोनी निवासी विधवा महिला मोमीना ने बताया कि उसके मोहल्ले का मुस्तकीम पीड़िता से रंजिश रखता है। आरोप है कि रंजिश के चलते आरोपी ने अपने परिवार की कई महिला व पुरुषों के साथ मिलकर पीड़िता के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडों व लात-घूंसों से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने आरोपी सहित कई लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दूसरी और मोहल्ला राज गार्डन निवासी महिला साईन ने बताया कि उसके पति ने किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध बना रखे हैं। आरोपी पति आए दिन अन्य महिला को घर पर लेकर आता है और उसके साथ अवैध संबंध बनाता है जब पीड़िता विरोध करती है तो मारपीट करता है। रविवार को विरोध करने पर आरोपी पति ने मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने आरोपी पति के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# आईवीआरआई ने रचा इतिहास: भारत में पहली बार स्वदेशी तकनीक से कुत्ते का सफल कूल्हा प्रत्यारोपण किया गया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के वैज्ञानिक डॉ. रोहित कुमार एवं उनकी टीम ने देश में पहली बार स्वदेशी तकनीक से विकसित कूल्हा प्रत्यारोपण की सफल सर्जरी कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस कूल्हा प्रत्यारोपण की खासियत यह है कि यह पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से विकसित किया गया है। अब तक कुत्तों के लिए आर्टिफिशियल हिप भारत में उपलब्ध नहीं था। यदि किसी कुत्ते को आर्टिफिशियल हिप की आवश्यकता होती थी, तो उसे केवल विदेश से ही मंगवाया जाता था, जिसका खर्च कम से कम 5 लाख तक आता था। आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने आर्टिफिशियल हिप बनाने के लिए पिछले लगभग 3 वर्षों से एक सुनियोजित अध्ययन करके विशेष रूप से भारतीय कुत्तों के अनुरूप सीमेंटेड पद्धति का कूल्हा ही नहीं, बल्कि उसमें उपयोग होने वाले उपकरणों को भी विकसित किया। डॉ. रोहित कुमार एवं उनकी टीम ने इस कार्य को एक चुनौती के रूप में लेते हुए शुरूआत में शहर के प्रसिद्ध ह्यूमन ऑर्थो सर्जन डॉ. आलोक सिंह की मदद से कई बारीकियों को जानने का प्रयास किया। डॉ. आलोक सिंह और बरेली मेडिकेयर फर्म के योगेश सक्सेना एवं देवेश सक्सेना की तकनीकी सहायता से गुजरात की लाइफ ऑर्थो केयर कंपनी से कुत्तों के लिए आर्टिफिशियल कूल्हा और उसमें उपयोग होने वाले उपकरणों को विकसित किया गया है। तकनीकी डिजाइन और आकार निर्धारित करने का कार्य ने डॉ. टी साई कुमार एमवीएससी शोध कार्य और डॉ. कमलेश कुमार टी एस को पीएचडी शोध कार्य के लिए दिया।

# बरेली डीएम ने किया लीलौर झील का निरीक्षण

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने रविवार को तहसील आंवला में स्थित लीलौर झील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि झील के किनारे पौधे लगाये जाये तथा झील में वाटर रीचार्ज सिस्टम लगाया जाये जिससे कि लगातार झील में पानी आता रहे तथा झील की साफ-सफाई समय-समय पर अवश्य करायी जाये। उन्होने निर्देश दिए कि झील को और अधिक सुन्दर तथा आकर्षक बनाया जाए। इसमें सौन्दर्यकरण का जो भी कार्य कराया जाये उसकी गुणवत्ता उचित रखी जाए। सभी कार्यों के लिए इन्सटीमेट बनाकर तैयार किये जाये। डीएम के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई जगहो पर झील का बांध कटा हुआ है जिस पर उपजिलाधिकारी को इस कार्य को कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गांव में जल जीवन मिशन का कार्य जिन जगहो पर हुआ है वहां पर सड़कें टूटी हुई है जिस पर उपजिलाधिकारी आंवला को निर्देश दिये गए कि संबंधित फर्म के माध्यम से शीघ्र सड़क सही करायी जाये। ग्रामीणो ने जिलाधिकारी के समक्ष निराश्रित गौवंशो की समस्या रखी जो आये दिन फसलों का नुकसान करते रहते है जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी आंवला को निर्देश दिये कि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से वार्ता कर गौवंशो को गौशाला में आश्रय दिया जाए, जिससे कि किसानों की फसल का नुकसान न हो। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा गांव में वृक्षारोपण किया गया तथा ग्रामीणों से अपील की गयी कि इसे लगातार पानी देते रहे जिससे कि यह फल दे सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, नगर आयुक्त संजीव मौर्य, उपजिलाधिकारी नहने राम सहित काफी संख्या में ग्रामीणवासी भी उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान चुनाव की रंजिश में खूनी संघर्ष , ग्राम प्रधान सहित 3 लहूलुहान

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** गुलावठी में ग्राम बरमंदपुर में प्रधान चुनाव की रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर खूनी संघर्ष हुआ, जमकर धारदार हथियार चले।

आरोप है कि फायरिंग भी की गई इस संघर्ष में बरमंदपुर के ग्राम प्रधान कुलदीप गुर्जर सहित 3 लोग लहूलुहान हो गए। पूर्व प्रधान रनवीर और उसके समर्थकों पर वर्तमान प्रधान पर धार दार हथियारों से हमला करने का आरोप है। कुलदीप प्रधान ने बताया कि खेत में पानी लगाने के दौरान कार सवार हमलावरों ने प्राणघातक हमला किया गया। पुलिस ने घायलों को गुलावठी सीएचसी०में भर्ती करा



मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम बरमंदपुर में कुलदीप गुर्जर जगत सिंह वर्तमान प्रधान है। कुलदीप गुर्जर का आरोप है कि आज तड़के अपने पुत्र आर्यन और भतीजे परमवीर के साथ खेत पर पानी लगाने गए थे तभी लाल रंग की कार और बाईकों पर सवार होकर आधा दर्जन से अधिक हमलावर आए और ग्राम प्रधान चुनाव की रंजिश को लेकर हमला कर दिया। सीओ०पूर्णिमा सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर० दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने हमलावरों की कार को कब्जे में ले लिया है। ग्राम प्रधान चुनाव फरवरी मार्च 2026 में होने है। लगभग 8 माह बाद ग्राम प्रधान चुनाव होने है। जिसकी तैयारी में अभी से दावेदार जुटे है। गुलावठी के ग्राम बरमंदपुर में आज तड़के हुआ खूनी संघर्ष की वजह ग्राम प्रधान चुनाव बताया जा रहा है। आरोपी रनवीर पूर्व में हुए चुनाव में हार चुका है।

# मा काली मन्दिर का ग्राम प्रधान ने कराया पुनर्निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा भडारे मे जुटे हजारो श्रद्धालू



विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़** ।लालगन्ज तहसील अन्तर्गत ग्राम पूरे बीरबल ग्राम प्रधान रज्जन मिश्रा क्षेत्र की प्रतिष्ठित मा काली मन्दिर का पुनर्निर्माण करा पुनर्निर्माण प्राण प्रतिष्ठा करायी जिसमे जनपद प्रतिष्ठित गणमान्य और हजारो की सख्या मे श्रद्धालुओ ने उपस्थिति दर्ज करा मा काली के नाम का का गगनभेदी जयकारे से पूरे क्षेत्र को गुजायमान कर दिया । प्राण प्रतिष्टा मे ग्राम प्रधान की टीम ने आगन्तुको के जलपान की अभूतपूर्व व्यवस्था कर रखी थी तो वही अनवरत रुप से चल रहे मा काली के भडारे मे जहा एक तरफ जाति धर्म से दूर रह सब प्रसाद ग्रहण कर रहे थे तो वही बीरबल ग्रामसभा का प्रत्येक निवासी व्यवस्था को बनाए रखने मे अपना सर्वोच्च योगदान देता दिखाई दे रहा था । ग्राम प्रधान रज्जन के द्वारा किए गये मा काली मन्दिर धाम के पुनर्निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के लिए उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति सराहना करता दिखा ।

# स्वः तुलसी प्रसाद अग्रवाल मेमोरियल कप



वेलकम इंडिया

अलीगढ़/अतरौली नगर के प्लेयर चॉइस क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे नगर के समाज सेवी स्वर्गीय तुलसी प्रसाद अग्रवाल मेमोरियल कप के फाइनल मैच में ए सी सी को 7 विकेट से हराकर प्लेयर चॉइस क्रिकेट एकेडमी ने ट्रॉफी जीत ली पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी करणी सेना के प्रदेश प्रवक्ता मनोज चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि ए सी सी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए युग शर्मा 13 संदीप 23 रजत चौहान 12 परितोष राज 53 रन नाबाद के सहयोग से 35 ओवरों में 160 रनों का लक्ष्य दिया लकी गौतमतीन कपिल कुमार तीन उमेश कुमार दो खिलाड़ियों को आउट किया लक्ष्य का पीछा करते हुए प्लेयर चॉइस क्रिकेट एकेडमी अतरौली के बल्लेबाज हिमांशु वर्मा 28 मोनू राजपूत 24 प्रशांत राजपूत 17 कपिल कुमार 14 सुबोध कुमार ने मैदान के चारों ओरशानदार दर्शनीय स्टॉक लगाते हुए 12 चौक एक गगन चुंबकीय छक्के की मदद से 69 रनों के सहयोग से 19 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 163 रन बनाकर स्वर्गीय तुलसी प्रसाद अग्रवाल कप पर कब्जा कर लिया मुख्य अतिथि अंशुल अग्रवाल ने विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए समय-समय पर ऐसे आयोजन होने चाहिए यही खिलाड़ी आगे चलकर प्रदेश का और देश का नाम रोशन करेंगे इसी ग्राउंड पर अगला विशाल टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा।

# केजरीवाल एवं आतिशी बतायें की उनकी सरकारों ने गत 11 साल में महिलाओं के प्रति क्या किया है: वीरेन्द्र सचदेवा

एहसान अंसारी

**नई दिल्ली 8 जून :** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की लगभग 11 साल पहले आम आदमी पार्टी ने एक मासूम निर्भया की हत्या पर राजनीति की थी और आज तक ₹आप₹ के नेता मासूम बच्चियों के साथ जब तब होने वाले अपराध पर राजनीतिक ब्यानबाजी करते हैं।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की निस्संदेह मासूमों से घिनौने अपराध निंदनीय हैं और नही होने चाहिए पर इन अपराधों को केवल कानून व्यवस्था की समस्या बताना राजनीतिक धूर्तता है क्योंकि यह अपराध करने वाले लोग अपराधी प्रवृति के साथ ही विकृत मानसिकता के शिकार हैं।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की पुलिस ने अधिकांश ऐसे अपराधों में सख्त कार्यवाई की है और पुलिस द्वारा नेहरू विहार के मामले में संलिप्त अपराधियों की तुरंत गिरफ्तारी आवश्यक है तो वहीं समाज में ऐसे अपराधियों के विरूद्ध जनजागरण



चलाने और इन मे ऐसे अपराधों के प्रति भय उत्पन्न करने के लिए समाजिक अभियान चलाने की जरूरत है। श्री सचदेवा ने कहा है की नेहरू विहार में एक अल्पसंख्यक समाज की बच्ची के साथ हुए वीभत्स अपराध से हम सब क्षुब्ध हैं, आश्चर्य है उसको पीड़ित करने वाला व्यक्ति भी अल्पसंख्यक समाज का है और पड़ोस में रहता है, दिल्ली पुलिस ने उसे चिन्हित किया है और शीघ्र गिरफ्तार कर लेगी पर दिल्ली की जनता इस संदर्भ में दिल्ली के पूर्व मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल एवं सुश्री आतिशी मालेर्ना से एक सवाल पूछना चाहती है। बालिकाओं या महिलाओं के साथ हर साल एक दो वीभत्स अपराध सामने आते हैं, पुलिस उनके अपराधियों को गिरफ्तार कर सजा भी दिलवाती है पर केजरीवाल एवं आतिशी बतायें की उनकी सरकारों ने गत 11 साल में महिलाओं के प्रति अपराध रोकने के लिए कभी कोई समाजिक चेतना जागृत करने का अभियान क्यों नही चलाया ? उनकी सरकार में दिल्ली महिला आयोग हो या बाल आयोग सबके मुखिया कश्मीर से कन्याकुमारी तक के मुद्दों पर ब्यानबाजी करते थे पर एक बार भी बच्चियों एवं महिलाओं के प्रति समाज के एक विकृत वर्ग की अपराधिक सोच को बदलने के लिए कोई ठोस अभियान नही चलाया।

# विधायक ने बिजली अभियंताओ के साथ की बैठक



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** सिकन्द्राबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने अपने आवास पर बिजली अभियंताओ के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य अभियंता, अधिक्षक अभियंता, अधिशासी अभियंता सहायक अभियंता अवर अभियंत मौजूद रहे। विधानसभा क्षेत्र में बिजली की समस्याएं को लेकर बैठक की। जिसमें विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने समस्याओं का निस्तारण करने का निर्देश दिए। गमीर्यों के चलते बिना कारण बिजली कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिजली अधिकारी जनता का फोन नहीं उठाने व संतोषजनक जबाब नही देते। उनको भी चेताया जनता की सेवा सर्वोपरि है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, ऊर्जा मंत्री अरविंद सिंह व विधुत की समस्याओं को लेकर बहुत सजग है। ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे शहरी क्षेत्र में 21 घंटे व मुख्यालय पर 24 घंटे का जो सरकार के आदेश है उसका पालन

# 2 वर्ष के मासूम बच्चे को पिटने वाली मां राधिका उर्फ रिया सहित अन्य को न्यायालय ने किया तलब

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में महिलाओं द्वारा पति एवं बच्चों पर अत्याचार बढ़ते आ रहे, पति को प्रेमी के साथ मिलकर छोटे-छोटे टुकड़े कर ड्रम में बंद करने की तो घटना सामने आ चुकी, तथा मासूम बच्चे को सगी मां द्वारा मारपीट कर ममता को शर्मसार कर देने वाली घटना भी सामने आ चुकी, परंतु उसपर कोई कार्यवाही पुलिस द्वारा होती नहीं दिख रही इसके उपरांत मजबूर होकर पीड़ित न्यायालय की शरण ले रहे जिसपर आगे कार्रवाई कराई जा रही,ऐसा ही एक मामला बुलंदशहर के डिबाई थाना क्षेत्र में देखने को मिला , जनवरी 2025 में एक वीडियो वायरल हुई जिसमें एक मां अपने 02 वर्ष के मासूम बच्चे को बेरहमी से पीटती दिख रही। जिसकी शिकायत थाना डिबाई में पीड़ित परिवारजनों द्वारा



की गई लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसपर पीड़ित परिवार जिन्होंने न्यायालय की शरण लेते हुए अधिवक्ता के माध्यम से अभियुक्त के विरुद्ध परिवाद दर्ज कराया जिसपर न्यायालय द्वारा अभियुक्तों को तलब करने का आदेश जारी किया। बता दें कि डिबाई थाना क्षेत्र की नमक मंडी निवासी शोभा देवी ने पुलिस में शिकायत की, मथुरा निवासी एक शादीशुदा महिला राधिका उर्फ रिया ने उसके अविवाहित पुत्र प्रबल प्रताप को अपने प्रेम जाल में फंसा कर साथ में रहने को मजबूर कर रही। तथा प्रबल प्रताप के साथ गाली गलौज में मारपीट करती आ रही एवं उसे नशीली गोलियां खिलाकर अपने वश में कर रही। दोनों के संसर्ग से एक पुत्र पैदा हुआ। जिसे भी एक दिन बेरहमी से पीटा जिसकी पीटते हुए वीडियो भी वायरल हुई। एक दिन राधिका उर्फ.रिया ने अपने पिता बबलू, भाई हर्ष और माता रामवती को घर बुलाकर प्रबल प्रताप के साथ मारपीट की जिससे वह गंभीर घायल हो गया। जिसकी शिकायत भी थाना डिबाई पुलिस से की गई परंतु कोई कार्रवाई पुलिस द्वारा नहीं की गई।

# गंगा में सीवर का पानी गिरने से श्रद्धालुओं की भावना आहत

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर/अनूपशहर/** नमामि गंगे योजना के अंतर्गत बिछाई गई सीवर लाइन का उचित प्रबंध न होने के कारण गंदा पानी गंगा जी में जाने से श्रद्धालुओं की भावना आहत हो रही है।

शनिवार को नगर के मुहल्ला गंगा द्वार स्थित गंगा घाट से एसटीपी प्लांट सुबह के समय सही समय पर नहीं चलाएं जाने के कारण सीवर से ओवरफ्लो होकर सड़क के माध्यम से गंगा में गिर रहा है। जिसके चलते पीछे से नालियों में आ रहा पानी सीवर लाइन में ना जाकर सड़क पर बहने लगा। जिससे गंगा घाट तथा मंदिरों को जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। गाजियाबाद जल निगम की इकाई द्वारा यहां की व्यवस्थाएं पेटी ठेकेदार को सौंप दी गई है। ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा लापरवाही के कारण आए दिन नाली का गंदा पानी सड़कों पर बहने के साथ गंगा की धारा में जाता है। जिससे सरकार की योजना का कोई लाभ नहीं मिल रहा। बार-बार शिकायत के बाद भी समस्या का स्थाई निदान नहीं हो सका है। इस संबंध में नागरिकों द्वारा अधिकारियों से शिकायत की जाती है, किंतु कुछ दिन बाद गंदा पानी फिर सड़कों पर बहने लगता है। एसडीएम प्रियंका गोयल का कहना है, कि जल निगम के उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# किसान गोष्ठी का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**अगौता**/बुलंदशहर/रविवार को विकास खंड अगौता की ग्राम पंचायत किसौली में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि बुलंदशहर सांसद डॉक्टर भोला सिंह रहें गोष्ठी में कृषि उपनिदेशक बबलू कुमार ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जिसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना व फार्म रजिस्ट्री योजना के बारे में विस्तार से बताया जिला उद्यान अधिकारी जगदीश प्रसाद ने उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी और कृषि विज्ञान केंद्र से डॉक्टर कीर्ति मणी त्रिपाठी ने संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी रामपाल सिंह ने मृदा परीक्षण के बारे में जानकारी दी किसान गोष्ठी की अध्यक्षता जितेन्द्र सिंह व संचालन ओम प्रकाश सिंह ने किया गोष्ठी में सहायक विकास अधिकारी सुबोध कुमार शर्मा श्याम सुंदर शर्मा रविंद्र सिंह चंद्र कुमार नीरज शर्मा मोहित कुमार रूपचंद जितेंद्र कुमार कुंवर पाल सिंह आदि कर्मचारी गण उपस्थित रहे व क्षेत्र के काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# केशव दास विद्या मंदिर में मेधावी छात्रों का किया सम्मान

वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित) ।** जिले के निजी विद्यालय केशव दास विधा मंदिर की ओर से मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह का आयोजन स्कूल परिसर में किया गया कार्यक्रम में बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष मोती लाल मीणा मुख्य अथिति के रूप में मौजूद रहे। विद्यालय परिसर में पहुंचने पर मोतीलाल मीणा का विद्यालय प्रबंधक श्री भगवान त्यागी व सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता हुआ ग्रामीणों द्वारा भव्य एवं जोरदार स्वागत किया गया। छात्र छात्राओं को मोटिवेट करने के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मान समारोह में 12 बोर्ड परीक्षा में 97.20 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले की मेरिट में चौथा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा मंजेश कुशवाह को



स्कूल प्रबंधन की ओर से लेपटॉप और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया विद्यालय के निदेशक श्रीभगवान त्यागी ने बताया कि समारोह में स्कूल के ऐसे छात्र छात्रा जो इस वर्ष बोर्ड की कक्षा 12 वीं और 10 वीं परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाये है उन्हें विधालय की ओर से सम्मानित किया गया है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष व निदेशक (स्वतंत्र) इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन भारत सरकार मोतीलाल मीणा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में मोदी सरकार और राज्य की बीजेपी सरकार छात्र छात्राओं के लिए शिक्षा पर विशेष फोकस कर रही है जिससे ग्रामीण अंचल में रहने वाले छात्र भी पर लिखकर देश को विकास की ओर ले जाने में अपनी भागीदारी निभाएं बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह से ग्रामीण अंचल में संचालित केशव दास विद्या मंदिर के अंदर हर वर्ष छात्रों की बेहतर अंक आते हैं उससे साफ होता है कि यह ग्रामीण अंचल के छात्रों के लिए एक बेहद अच्छा विद्यालय है कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये विद्यालय प्रबंधन की ओर से बोर्ड परीक्षाओं में 90% से अधिक अंक लाने वाले करीबन 45 छात्र-छात्राओं को विभिन्न उपहार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर पूर्व राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य मनरूप सिंह मीणा, एडवोकेट रामनिवास परमार, दूबरा सरपंच राजवीर त्यागी वरिष्ठ पत्रकार सतीश शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# परिवहन मुख्यालय की गठित टीम द्वारा जिला परिवहन कार्यालय धौलपुर का निरीक्षण किया गया

वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान ।** शुचि त्यागी, शासन सचिव एवं परिवहन आयुक्त परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग जयपुर के निर्देशन में परिवहन मुख्यालय की गठित टीम द्वारा जिला परिवहन कार्यालय धौलपुर का निरीक्षण किया गया। टीम में संयुक्त परिवहन आयुक्त राजेश शर्मा, उपवित्तीय सलाहकार सौरभ पालीवाल, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक ठकउ श्रीपाल यादव ,अतिरिक्त निदेशक आईटी कुलदीप यादव, सहायक परिवहन आयुक्त रविंद्र जोशी मुख्य रूप से मौजूद थे । टीम के सदस्यों ने कार्यालय की भिन्न भिन्न



शाखाओं में कार्यरत कार्मिकों द्वारा किए गए कार्यों का निरीक्षण किया गया, जिसमें कर,परमिट,पंजीयन, चालान आदि के कार्यों की समीक्षा की गई एवं कार्यालय में आगंतुकों हेतु मूल भूत सुविधाओं एवं कार्यालय की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया ।साथ ही टीम द्वारा कार्यालय के कार्मिकों के कार्य को संतोषजनक बताया। टीम का मुख्य उद्देश्य यह था कि विभाग द्वारा डिजिटल माध्यम से आमजन को किस प्रकार बिना किसी समस्या कि सर्विस प्रदान की जा सके जिससे आमजन को बेहतर सुविधा मुहैया करवाने हेतु विभाग द्वारा बनाए गए पोर्टल पर और क्या सुधार किए जा सकते हैं एवं ट्रांसपोर्टरो के लिए विभाग द्वारा परमिट संबंधी,टैक्स संबंधी व अन्य समस्याओं की सेवा निर्बाध रूप से कैसे प्रदान की जा सकती है इस संबंध में विभाग के कार्मिकों से विस्तृत चर्चा कर सुझाव लिए गए। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने द्वारा बताया कि वर्तमान में सड़क सुरक्षा की दृष्टिकोण से विभाग द्वारा बिना नंबर और बिना नंबर प्लेट संचालित वाहनों के विरुद्ध समझाइश अभियान चलाया जा रहा है।

# पंजाबी संगठन ने निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** हरि मंदिर परिसर में पंजाबी संगठन और महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर के संयुक्त तत्वावधान में एक निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें निःशुल्क जांच व परामर्श की सुविधा देना था।

इस शिविर का नेतृत्व पंजाबी संगठन मोदीनगर के अध्यक्ष अजय ग्रोवर तथा महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर की अध्यक्षा डॉ. शालिनी नय्यर द्वारा किया गया। शिविर का संचालन निवोक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की टीम द्वारा किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सीमा मौजूद रहीं। उनके साथ मेघा, सचिन, योगेन्द्र, अभय, अनीता, अरुण, तनिशा और हर्ष जैसे समर्पित सहयोगी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने शिविर को व्यवस्थित और सफल बनाने में अहम योगदान दिया। यह शिविर सभी के लिए खुला था और बड़ी संख्या में नागरिकों ने आकर इसका लाभ उठाया। 300 के करीब लोगो की आँखों की जांच की गई उपस्थित लोगों को आंखों की जांच के साथ आवश्यक परामर्श भी दिया गया। शिविर में विशेष रूप से पंजाबी संगठन और महिला पंजाबी संगठन के कई सक्रिय सदस्य मौजूद रहे, जिनमें राजकुमार ढींगरा, विजय मेहरा, संजय नय्यर, नीरज बत्रा, राजीव नैय्यर, संजीव गुलाटी, गौरव भाटिया, राहुल बहरी, रमेश खुराना, रमेश नारंग, शील खट्टर,हिमांशु शेरू, संजय खुराना, सागर ढींगरा, अजीत सिंह, राजा भुटानी और राजा छाबड़ा शामिल थे। वहीं महिला पंजाबी संगठन से जनरल सेक्रेटरी पूनम ढींगरा,गीता मोहन अरोड़ा, रजनी मेहरा, करुणा गुलाटी, नीना मेहरा, मीना भल्ला, मीना चावला, कोमल, श्रीमती बीर सिधवानी और सोनिया छाबड़ा की सक्रिय उपस्थिति रही। सभी सदस्यों ने मिलकर पूरे आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पंजाबी संगठन व महिला पंजाबी संगठन ने निवोक अस्पताल की टीम सहित सभी उपस्थित सदस्यों और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और यह आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के समाजसेवी कार्य लगातार आयोजित किए जाएंगे।

## ऑक्सी होम्स सोसाइटी में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण अभियान

**गाजियाबाद।** भोपुरा स्थित ऑक्सी होम्स सोसाइटी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक विशेष पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में सोसाइटी के प्रबंधन मंडल के सदस्यों और निवासियों ने मिलकर एक हजार से अधिक पौधे सोसाइटी के परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में लगाए। यह पहल वर्तमान में बढ़ रही भीषण गर्मी और वैश्विक तापमान में हो रही वृद्धि को ध्यान में रखकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रबंधन मंडल के अध्यक्ष विनोद यादव ने बताया कि गर्मी और पर्यावरणीय संकट को देखते हुए सोसाइटी के निवासियों ने मिलकर पौधारोपण करने का संकल्प लिया है। अभियान के दौरान निवासियों ने खुद लगाए गए पौधों की देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी बखूबी उठाई है, ताकि यह पर्यावरणीय प्रयास स्थायी और प्रभावशाली साबित हो सके। इस पौधारोपण अभियान का नेतृत्व सोसाइटी के सचिव महेंद्र सिंह, जन्मवीर सिंह मलिक और रूपाली गौतम ने किया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईदुल अजहा का त्योहार



वेलकम इंडिया

**शुकुल बाजार।** ईदुल अजहा का त्यौहार हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया जिसको लेकर प्रशासन द्वारा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा तथा उच्च अधिकारीगण भ्रमणशील रहकर जमीनी हकीकत परखते रहे । विकास खंड के अन्तर्गत सत्थिन बदल गढ । बरसंडा पूरे भागू शुकुल बाजार सहित विभिन्न गांवो मे ईदुल अजहा का त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल मे मनाया गया जिसके तहत भारी संख्या मे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गांव के निकट स्थित ईदगाहों में पहुंच कर नमाज अदा की तथा मुल्क की खुशहाली तरक्की,एकता व अमन चैन के लिए दुआएं मांगी ।नमाज अदा करने के बाद लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईदुल अजहा की मुबारकबाद भी दी। सत्थिन ईदगाह मे गत वर्षो की भांति इस बार भी ईदुल अजहा के मौके पर हाफिज जहीर ने नमाज अदा कराई इस मौके पर मौलाना सलमान मौलाना हाफिज अजहरुद्दीन मौलाना फखरुद्दीन ने ईदुल अजहा के संबंध मे कुरान और अहादीस की रोशनी मे विस्तृत बयान किया नमाज से पूर्व अपने बयान में कहा कि त्यौहार अमन-चैन,एकता,आपस में भाईचारा,ऊंच -नीच, गरीब-अमीर के भेदभाव व आपसी मनमुटाव को खत्म करता है इस दौरान नमाजियों ने अमन चैन एंव मुल्क की तरक्की खुशहाली की दुआए मांगी। नमाज के बाद सभी ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी तथा बच्चों ने भी ईदगाह के पास लगे मेले का लुत्फ उठाया । इस दौरान चौकी इंचार्ज सोमल पासवान हेड कांस्टेबल अशोक कुमार हेड कांस्टेबल सन्त लाल आदि पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## कराटे प्रतियोगिता में अतुल, रेनू और शिवा ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** कराटे फाइट लीग सीजन- 4 इंटरनेशनल इवेंट हिमाचल के सोलन में आयोजित किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश जिला गाजियाबाद के शहर मोदीनगर से कोच कन्हैया द्वारा मोदीनगर से 6 बच्चों ने प्रतिभा किया। प्रतियोगिता में अतुल रेनू और शिवा ने अपनी अपनी आयु में सुपर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कोच कन्हैया ने बताया कि यह सभी बच्चे मोदीनगर स्थित एक अकैडमी बालाजी स्पोर्ट्स अकैडमी के द्वारा खेलने गए थे। यह टूनामेंट 5 जून से 8 जून तक चला जिसमें नेपाल और अन्य एशियाई देश के बच्चों ने भी हिस्सा लिया जिसमें करी 1700 बच्चों ने प्रतिभा किया।

# मेडिकल क्षेत्र में मोदीनगर के लिए निवोक हॉस्पिटल सौगात : सांसद राजकुमार सांगवान

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** बागपत लोकसभा सीट से सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान शनिवार को मोदीनगर क्षेत्र में एस आर एम यूनिवर्सिटी के पास बने निवोक सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में पहुंचे। चेयरमैन एडवोकेट अमित शर्मा, डायरेक्टर सचिन अहलावत व डायरेक्टर अतुल वर्मा ने सांसद डॉ राजकुमार सागवान व जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी तथा प्रदेश सचिव रणबीर दहिया का पुष्प गुच्छ देकर व शॉल ओढ़ा कर भव्य स्वागत किया। अतिथियों को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की तस्वीर भी भेंट की। इस दौरान सांसद राजकुमार सांगवान ने कहा कि मेडिकल क्षेत्र में मोदीनगर के लिए निवोक सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल सही वरदान है उन्होंने कहा कि एक पेशेंट को क्षेत्र में बने हॉस्पिटलों में प्रयाप्त इलाज नहीं मिल पाने के कारण उसे मेरठ या दिल्ली नोएडा रेफर किया जाता है। सभी सुविधाओं से लैस निवोक जैसे सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल की जरूरत मोदीनगर शहर को थी। सांसद द्वारा चिकित्सा व सेवा के क्षेत्र अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक, डॉक्टर अंकित कुमार, डॉक्टर राहुल गुप्ता को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित कर प्रतिबद्ध किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार समाज के लिए चिकित्सा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर रामपाल सिंह (जिलाध्यक्ष,रालोद) पवन सिंघल, अजित खंजरपुर रणवीर दहिया,सतेंद्र तोमर, देवेंद्र चौधरी संजय शर्मा, नूतन खटियान, रवि डागर, संदीप शर्मा, नितिन सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी की भतीजी के विवाह समारोह में गणमान्य लोगों ने पहुंचकर नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद, ( अनिल वशिष्ठ)।** वेदांता फार्म में प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल (सहकारिता प्रकोष्ठ) उत्तर प्रदेश चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी की भतीजी के विवाह समारोह में हजारों गणमान्य लोगों ने पहुंचकर शिरकत की और नवविवाहित जोड़े सुरभी व प्रभात को उनके नए जीवन की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कल्कि धाम के पीठाधीश्वर श्री आचार्य प्रमोद कृष्णम जी, बागपत के सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, बुलंदशहर के सांसद भोला सिंह, जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व सांसद केसी त्यागी, पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व सांसद मुंशी रामपाल, भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत, केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के निजी सलाहकार वीरपाल मलिक, यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, मंत्री नरेंद्र कश्यप, पूर्व मंत्री व सांसद डीपी यादव, सूरजमल शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष कप्तान सिंह, जाट आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष एचपी सिंह परिहार, अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा के अध्यक्ष चौधरी अमन सिंह, पूर्व मंत्री दर्जा प्राप्त रामकिशोर अग्रवाल, रमेश प्रजापति, कुलदीप उज्जवल, वरिष्ठ समाजसेवी ललित जायसवाल, शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, थाना भवन विधायक अशरफ अली खान, सादाबाद विधायक प्रदीप चौधरी गुड्डू, एमएलसी दिनेश गोयल और हरि सिंह ढिल्लो, एससी एसटी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, युवा रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी, आदि पत्रकार जगत के लोग शामिल रहे। इस भव्य समारोह में कई ब्लॉक प्रमुखों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से पिलाना ब्लॉक प्रमुख अनीश यादव, रजापुर ब्लॉक प्रमुख राहुल डैनी, मुरादनगर ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, खेकड़ा ब्लॉक प्रमुख परविंदर धामा, मोदीनगर नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली, पतला चेयरमैन रीता चौधरी, बिजनौर के नूरपुर नगर पालिका चेयरमैन डॉ. एम. पी. सिंह तथा शिकारपुर संघ चेयरमैन गौरव प्रताप सिंह शामिल रहे। साथ ही प्रदेश सचिव रणबीर दहिया, देवेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, गाजियाबाद रालोद जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, बागपत जिला अध्यक्ष सुभाष चौधरी, बुलंदशहर जिला अध्यक्ष पंकज प्रधान, प्यारेलाल जाटव' पूर्व कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष रामप्रसाद प्रधान, जिला पंचायत सदस्य रवि वाल्मीकि, शोकेंद्र चौधरी, विकास यादव, सुरेश तोमर, अरविंद पंवार, उमेश पंवार, सुनील चरोरा, मोहदीनपुर गन्ना समिति चेयरमैन दीपक राणा, मोदीनगर गन्ना समिति चेयरमैन राजकुमार सिंह राजन, पूर्व गन्ना चेयरमैन राजकुमार प्रिंस, भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेश अमराला, बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष सतबीर राघव' उपाध्यक्ष अमित विद्यापुर देवेंद्र चौधरी' पूर्व चैयरमैन उदयवीर सिंह (गन्ना मोदीनगर), पूर्व चैयरमैन श्याम पाल सिंह (मंसूरपुर) सहित हजारों लोगों ने आशीर्वाद प्रदान किया।

## ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने लवण्या गौड़ को बधाई दी



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** सिविल सेवा परीक्षा 2024 में 57 वी रैंक प्राप्त लवण्या गौड के माता-पिता द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा पंजी.के राष्ट्रीय महामंत्री पंडित शिवमोहन भारद्वाज उपस्थित रहे । सभी ने लवण्या गौड को बहुत-बहुत बधाई दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता शिवकुमार शर्मा व सतीश शर्मा जी उपस्थित रहे । सभी ने लवण्या गौड के माता -पिता को भी बधाई दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज जी लवण्या गौड की दादी जी से भी मिले और उन्हें उनकी पोती की सफलता पर गुलदस्ता भेंट किया । शहर के गणमान्य व्यक्ति भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## रुद्रांश एक जरिया संस्था का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** रुद्रांश एक जरिया.. के वार्षिक समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर रुद्रांश परिवार से जुड़े सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। संस्था की सेक्रेटरी रेनू शर्मा ने संस्था द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए गत वर्ष किए गए कार्यों को बताया तथा आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यक्रम की भी जानकारी दी । रुद्रांश 2025 का बोर्ड अध्यक्ष नेहा गर्ग सचिव सुमिता शर्मा कोषाध्यक्ष ममता आर्य मीडिया प्रभारी पूजा शर्मा को बनाया गया है। कार्यक्रम में अतिथि विधायक डॉ मंजू सिवाच,पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु, डॉक्टर पूनम गर्ग आदि गणमान्य उपस्थित रहे। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष उषा चौधरी ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों एवं गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनीता शर्मा, रेनू शर्मा, सुमन बजाज, प्रकृति शर्मा, डा रूपा त्यागी, वंदना गर्ग, ममता आर्य आदि सदस्यों ने अपना भरपूर सहयोग दिया।

# पुलिस ने गांव बास व रोशन खेड़ा में जाकर आमजन को किया साइबर क्राइम के प्रति जागरुक

वेलकम इंडिया



**हांसी । मनमोहन शर्मा।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन भा.पु.से. के कुशल नेतृत्व मे कार्य करते हुए जिला इंस्पेक्टर नरेन्द्रपाल व थाना साइबर क्राइम तैनात मुख्य सिपाही प्रवीन कुमार ने पुलिस जिला के गांव बास व गांव रोशन खेड़ा के व्यक्तियों को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया। इंस्पेक्टर नरेन्द्रपाल ने व्यक्तियों को जागरुक करते हुए कहा कि साइबर ठगों द्वारा ठगी का नया पैंतरा सामने आया है। साइबर ठग कुछ रकम आपके खाते में भेजते हैं। मैसेज आने के व्यक्ति तुरंत अपना बैलेंस चैक करने के लिए अपना यूपीआई अकाउंट खोलता है। पैसे के साथ उस ठग द्वारा पैसे ट्रांसफर की रिक्वेस्ट भी भेज रखी होगी। बैलेंस चैक करने के लिए जैसे ही व्यक्ति अपना पिन डालता है। पिन डालते ही पैमेंट रिक्वेस्ट अपने आप स्वीकृत हो जाएगी और उसके खाते से पेमेंट हो जायेगी। इस स्कैम से बचने के लिए खाते में अनजान नंबर से पेमेंट आने पर कम से कम आधे घंटे तक बैलेंस चैक ना करें या बैलेंस चैक करने के लिए पहली बार गलत पिन डालें। गलत पिन डालने से आई हुई पैमेंट रिक्वेस्ट कैंसिल हो जायेगी। साइबर ठगी से बचने के लिए सावधान रहना जरुरी है। मुख्य सिपाही प्रवीन ने कहा कि किसी भी प्रकार की वित्तीय या ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर राष्ट्रीय हैल्पलाईन नंबर 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। इसके अलावा अपनी शिकायत साइबर क्राइम थाना या आपके संबंधित थाने में स्थापित साइबर हैल्प डेस्क पर दें सकते हैं।

## योग एवं मानव सेवा संस्थान की रजत जयंती पर त्रिदिवसीय योग शिविर का आयोजन हुआ




डॉ. शंभू पंवार

**नई दिल्ली। 8 जून।** योग एवं मानव सेवा संस्थान की रजत जयंती के अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष आचार्य श्री विनोद मित्तल एवं श्री बी. के. गोयल के नेतृत्व में त्रिदिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ख्यातिप्राप्त योगाचार्य आचार्य विनोद शर्मा, डॉ. अनिल शर्मा एवं डॉ. मयंक पोरवाल ने नस-नाड़ियों सहित शरीर के विभिन्न अंगों में होने वाले दर्द एवं रोगों के योग तथा प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा उपचार की प्रभावशाली विधियाँ साझा कीं। शिविर के दौरान क्षेत्र में संचालित विभिन्न योग कक्षाओं की साधिकाओं ने अपने-अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें योग की महत्ता एवं प्रभाव को रचनात्मक रूप से दशार्या गया। इसी क्रम में कवयित्री एवं योग साधिका डॉ. सुषमा गर्ग ने योग पर आधारित अपना सृजनात्मक गीत प्रस्तुत किया तथा दोहों के माध्यम से योग की गूढ़ महत्ता को सहज रूप में व्यक्त किया।

# हर कोने तक विकास की रफ्तार: गाजियाबाद को आधुनिक बनाने में जुटा जीडीए

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स के नेतृत्व में गाजियाबाद शहर तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। शहर को आधुनिक, सुव्यवस्थित और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए प्राधिकरण द्वारा अनेक पहलें की जा रही हैं। इन प्रयासों में डिजिटल व्यवस्था का विस्तार, हरित क्षेत्रों का विकास, यातायात के साधनों को सुगम बनाना और पारदर्शी सेवाएं शामिल हैं। बीते कुछ महीनों में जीडीए द्वारा कई अहम परियोजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। दो दशकों के बाद शुरू की गई हरनंदीपुरम आवासीय योजना इसका प्रमुख उदाहरण है। इस योजना के अंतर्गत पहले चरण में प्राधिकरण पांच ग्रामों की भूमि खरीद रहा है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग ढाई हजार करोड़ रुपये है। यह योजना भविष्य की बढ़ती आवासीय जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से बनाई गई है। शहरवासियों को स्वच्छ और हरित वातावरण देने की दिशा में भी ठोस कार्य किए जा रहे हैं। रामायण आधारित थीम पार्क, संस्कृति दर्शन उद्यान और ग्रीनवुड उद्यान जैसी परियोजनाएं न केवल पर्यावरण को सहेजेंगी, बल्कि लोगों को मनोरंजन और मानसिक शांति का भी अवसर देंगी। इन उद्यानों में बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, सांस्कृतिक जानकारी देने वाली संरचनाएं और सैर-सपाटे की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसी के साथ शहर की हरियाली को बढ़ावा देने के लिए इंदिरापुरम क्षेत्र में शमशान घाट के पीछे स्थित भूमि पर बागवानी विकास का कार्य भी किया जा रहा है। वहीं, सिटी फॉरेस्ट को भी नया रूप दिया जा रहा है जिससे यह शहर का एक प्रमुख आकर्षण बन सके। शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रस्तावित मार्गों का निर्माण कार्य भी तेज गति से किया जा रहा है। नयी सड़कों और ऊपरी मार्गों के विस्तार से दिल्ली, वसुंधरा, इंदिरापुरम और सिद्धार्थ विहार जैसी प्रमुख बस्तियों को जोडे की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। इन उपायों से यातायात जाम की समस्या में भी कमी आने की उम्मीद है। इस योजना में स्थानीय प्रतिनिधियों के माध्यम से जनसंवाद स्थापित कर लोगों की सहमति भी ली जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नूरनगर, डासना, मधुबन बापूधाम और अन्य क्षेत्रों में अंतिम चरण के कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही मधुबन बापूधाम में वस्त्र निमार्ताओं के लिए वृहद स्तर पर मेला भवन, सम्मेलन केंद्र, खुले रंगमंच, खानपान केंद्र और दुकानों के निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है। इस पूरी परियोजना की लागत करीब 152 करोड़ रुपये आंकी गई है। डिजिटल प्रणाली को अपनाते हुए जीडीए ने 'पहल' नामक पोर्टल शुरू किया है, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी संपत्ति से जुड़ी सभी जानकारियां, आवेदन और भुगतान कार्य ऑनलाइन कर सकते हैं।

# आधार कार्ड और नेत्र जांच की मुफ्त सुविधा से लाभान्वित हुए सैकड़ों नागरिक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** लोनी क्षेत्र स्थित जगन्नाथ फार्म हाउस में रविवार को राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा डाक विभाग के सहयोग से एक दिवसीय आधार कार्ड शिविर और नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और सरकारी सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नए आधार कार्ड बनाए गए, वहीं हर आयु वर्ग के लोगों के आधार कार्ड में संशोधन और सुधार की सुविधा भी दी गई। साथ ही श्रेया आई सेंटर, इंदिरापुरम की ओर से आयोजित नेत्र जांच शिविर में लगभग ढाई सौ लोगों की आंखों की मुफ्त जांच की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए इस प्रकार के शिविरों की आवश्यकता और उपयोगिता पर जोर दिया। उन्होंने जनता से राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा समय-समय पर आयोजित ऐसे आयोजनों का भरपूर लाभ उठाने की अपील की। यह शिविर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं ब्राह्मण समाज के सक्रिय नेता हिमांशु शर्मा के संयोजन में आयोजित किया गया, जिन्होंने अपने सहयोगियों ठाकुर दिलीप सिंह, अंकित पंडित सहित कई युवाओं के साथ मिलकर व्यवस्था को सुव्यवस्थित रूप दिया। कार्यक्रम को गरिमामयी बनाने के लिए राष्ट्रीय व्यापार मंडल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय और सेवानिवृत्त आईएएस ओमवीर वीरवाल बतौर अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच पर अतिथियों को पुष्पगुच्छ, पटका और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नागरिकों ने भी इस आयोजन को समयोचित और सहायक करार दिया, जिससे सरकारी सेवाओं तक पहुंच और भी सरल हुई।

## कांग्रेस नेता अकबर चौधरी को मिली लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का नाम लेकर धमकी

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र के पसौंडा स्थित ईदगाह रोड पर रहने वाले कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव और पूर्व पार्षद प्रत्याशी अकबर चौधरी को जान से मारने की धमकी मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। अकबर चौधरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 6 जून की सुबह करीब 11 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को दक्ष चौधरी और अनु चौधरी का दोस्त बताते हुए लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य बताया और कहा कि उन्हें 10 दिन के अंदर जान से मार दिया जाएगा। इतना ही नहीं, चौधरी को इंस्टाग्राम के माध्यम से भी शेखर शर्मा नामक व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी है। अकबर चौधरी ने इससे संबंधित सबूत और ऑडियो क्लिप पुलिस को सौंपे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अनु चौधरी, दक्ष चौधरी और शेखर शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। टीला मोड़ थाना पुलिस के अनुसार, दक्ष चौधरी वर्तमान में दिल्ली की जेल में बंद है, जबकि अनु चौधरी की तलाश जारी है। धमकी देने वाले मोबाइल नंबर और इंस्टाग्राम अकाउंट की तकनीकी जांच शुरू कर दी गई है। एसीपी शालीमार गार्डन, अतुल कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू की जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे प्रकरण का खुलासा किया जाएगा। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी अकबर चौधरी ने अनु चौधरी और मनीष नामक व्यक्ति के खिलाफ रेकी कराने और जान से खतरे की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इस मामले में मनीष को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, जबकि अनु चौधरी को जमानत मिल गई थी। हाल ही में हापुड़ में यूपी एसटीएफ द्वारा एक मुठभेड़ में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के शूटर को ढेर किए जाने के बाद, एनसीआर क्षेत्र में गिरोह के स्लीपर सेल सक्रिय होने की आशंका और भी गहरी हो गई है। इससे पहले भी गाजियाबाद समेत कई जिलों में इसी गिरोह के नाम से रंगदारी मांगने और धमकी देने के मामले सामने आ चुके हैं। पुलिस अब मामले की डिजिटल ट्रेसिंग, कॉल डिटेल्स, और सोशल मीडिया गतिविधियों के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी की दिशा में तेजी से काम कर रही है।

## लोहिया नगर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना पर जागरूकता कैंप आयोजित

**गाजियाबाद।** मेरठ रोड स्थित लोहिया नगर के उद्योग भवन में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का संयोजन भाजपा ओबीसी मोर्चा के नीति एवं शोध विभाग के राष्ट्रीय सह प्रभारी राजेश गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें बिना ब्याज के ऋण और उससे जुड़ी समस्त जानकारी उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी और विशेषज्ञ मौजूद रहे जिन्होंने 21 से 40 वर्ष के युवाओं को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, दस्तावेजों की जरूरत और बैंकिंग प्रक्रिया से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत इच्छुक युवक–युवतियां ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक खाता विवरण और एक व्यवसाय योजना (बिजनेस प्लान) शामिल हैं। कैंप में खासतौर पर आवेदन प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा इसे आसानी से समझकर आवेदन कर सकें। राजेश गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना न केवल युवाओं को रोजगार का अवसर दे रही है, बल्कि प्रदेश के आर्थिक विकास में भी बड़ा योगदान देगी। हमारा लक्ष्य है कि हर योग्य युवा इसका लाभ उठाए और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाए। गाजियाबाद और आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों युवाओं ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और योजना को लेकर गहरी रुचि दिखाई। कार्यक्रम के अंत में युवाओं के सवालों के जवाब भी अधिकारियों द्वारा दिए गए, जिससे उनकी शंकाएं दूर हो सकें। इस सफल आयोजन ने क्षेत्रीय युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया और राजेश गुप्ता के इस प्रयास की स्थानीय जनता ने खुले दिल से सराहना की। यह कैंप केवल जानकारी देने का जरिया नहीं था, बल्कि युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ठोस कदम माना जा रहा है।

## आरटीई दाखिले में लापरवाही बरकरार, ग्रीष्मकालीन अवकाश बना नया बहाना

**गाजियाबाद।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत गरीब और जरूरतमंद बच्चों को निजी स्कूलों में निशुल्क दाखिला देने की मंशा सरकार की है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। गाजियाबाद जिले के नामी स्कूलों द्वारा दाखिला प्रक्रिया को लेकर लगातार टालमटोल की जा रही है। कभी दस्तावेजों की जांच को आधार बनाया जाता है, तो कभी आय प्रमाण पत्र पर सवाल उठाए जाते हैं। अब ग्रीष्मकालीन अवकाश को नया बहाना बना लिया गया है, जिससे हजारों बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। आरटीई पोर्टल पर जिले के 1,206 निजी स्कूलों में इस बार 19,664 सीटें आरक्षित की गई थीं। दिसंबर से मार्च तक चार चरणों में बच्चों को इन सीटों पर दाखिला दिलाने की प्रक्रिया चली। बावजूद इसके, करीब पांच महीने बीतने के बाद भी अब तक मात्र 3,200 बच्चों को ही दाखिला मिल पाया है। इस देरी से अभिभावकों की चिंता लगातार बढ़ रही है, जो स्कूलों और अधिकारियों के चक्कर काटकर थक चुके हैं। नामचीन स्कूलों की ओर से दाखिला न देने की प्रवृत्ति अब आम होती जा रही है। अभिभावकों से अनावश्यक दस्तावेजों की मांग की जा रही है, कुछ मामलों में आय का भौतिक सत्यापन कराकर दाखिला टालने की कोशिश की गई। अब गर्मियों की छुट्टियों का हवाला देकर दाखिले को पूरी तरह ठप कर दिया गया है। शिक्षा विभाग की ओर से ऐसे स्कूलों को पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके हैं, लेकिन इसका कोई असर होता नहीं दिख रहा। बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव का कहना है कि इस साल दाखिला प्रक्रिया बीते वर्षों की तुलना में बेहतर रही है, लेकिन अब भी जो स्कूल दाखिला नहीं ले रहे हैं उनकी सूची तैयार कर ली गई है। शासन की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि जो भी विद्यालय नियमों का उल्लंघन करेगा, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राजनगर एक्सटेंशन में रेस्टोरेंट बना रणक्षेत्र, परिवार संग खाने आए लोगों पर हमला

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** कभी गाजियाबाद का सबसे सुगठित और योजनाबद्ध इलाका माने जाने वाला राजनगर एक्सटेंशन आज अपराध का नया अड्डा बनता जा रहा है। बेहतर जीवन और सुरक्षित माहौल की आस में हजारों लोगों ने यहां अपने सपनों का घर बसाया, लेकिन अब यह इलाका अराजकता, गैंगवार और खुलेआम गुंडागर्दी का प्रतीक बनता जा रहा है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि परिवार के साथ रेस्टोरेंट में खाना भी अब खतरे से खाली नहीं रहा। बीते शनिवार रात राजनगर एक्सटेंशन के एक रेस्टोरेंट में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब आधा दर्जन बदमाश गाडियों में भरकर वहां पहुंचे और अचानक तोडफोड़ शुरू कर दी। रेस्टोरेंट के स्टाफ ने जब उन्हें रोकने की कोशिश की तो बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की। यही नहीं, खाना खा रहे ग्राहकों के साथ भी बदसलूकी और हिंसा की गई। कुर्सियाँ टेबल पर फेंकी गईं, लोगों को पीटा गया और पूरे रेस्टोरेंट में दहशत का माहौल फैल गया। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि हमलावर किस कदर बेखौफ होकर उत्पात मचा रहे थे, जबकि महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग अपनी जान बचाकर इधर-उधर भाग रहे थे। यह वही इलाका है जहां कुछ दिन पहले एक होटल में गैंगवॉर स्टाइल में हुई फायरिंग में एक की मौत हो चुकी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इलाके में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और पुलिस की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। पुलिस की निष्क्रियता और कथित संरक्षण ने असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद कर दिए हैं। इस घटना पर नंदग्राम क्षेत्र की एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। राजनगर एक्सटेंशन के निवासियों का कहना है कि प्रशासन को तुरंत हस्तक्षेप कर कानून व्यवस्था को दुरुस्त करना चाहिए, वरना वह दिन दूर नहीं जब यह इलाका पूरी तरह से बदमाशों के कब्जे में आ जाएगा।

# भारतीय क्रिकेटर पीयूष चावला ने सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज और 2007 टी-20 व 2011 एकदिवसीय विश्व कप विजेता टीम के सदस्य पीयूष चावला ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों टेस्ट, वनडे और टी-20 से आधिकारिक संन्यास की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने 20 वर्षों के समर्पित क्रिकेट करियर के बाद यह घोषणा अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से की। पीयूष चावला के इस निर्णय पर आईटीएस मोहननगर में भावुक माहौल देखने को मिला, जहाँ उनके पूर्व शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने उनके छात्र जीवन और उपलब्धियों को याद किया। संस्थान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया। वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने इस अवसर पर कहा कि पीयूष चावला न केवल एक सफल क्रिकेटर हैं, बल्कि एक महान इंसान भी हैं। उन्होंने हमेशा युवाओं को प्रेरित किया है और आगे भी वे अपने अनुभवों से उन्हें सफलता की दिशा दिखाते रहेंगे। श्री चड्ढा ने यह भी कहा कि मुरादाबाद जैसे छोटे शहर से निकलकर विश्व मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करना आसान नहीं होता यह पीयूष चावला के धैर्य, समर्पण और कठोर परिश्रम का प्रतिफल है। उन्होंने चावला को जीवन की नई पारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके मार्गदर्शन को संस्थान के लिए प्रेरणादायक बताया। ज्ञात हो कि पीयूष चावला, एक विशेषज्ञ लेग स्पिनर और ऑलराउंडर के रूप में भारतीय क्रिकेट में अपनी एक अलग पहचान बना चुके हैं। 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप और 2011 के वनडे वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का हिस्सा रहकर उन्होंने देश को गौरवान्वित किया।

# क्रॉसिंग रिपब्लिक और ट्रांस हिंडन के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित, लोग बेहाल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गर्मी की तपिश झेल रहे गाजियाबादवासियों के लिए इस बार मौसम से ज्यादा परेशान करने वाला साबित हुआ बिजली विभाग। बीते कुछ दिनों से पारा 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच रहा है, वहीं बिजली की आंख-मिचोली और घंटों की कटौती ने लोगों को बेहाल कर दिया है। हालात इतने बदतर हो गए कि क्रॉसिंग रिपब्लिक के विद्युत उपकेंद्र-3 में करंट ट्रांसफॉर्मर (सीटी) फेल हो जाने से करीब 12 घंटे तक बिजली की आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। शुक्रवार देर रात करीब ढाई बजे विद्युत उपकेंद्र-3 का सीटी खराब हो गया, लेकिन सूचना के बावजूद बिजली विभाग की टीम देर से मौके पर पहुंची। मरम्मत का काम रातभर शुरू नहीं हो सका और कर्मचारी सुबह दोबारा आए। करंट ट्रांसफॉर्मर को बदलने में लगभग आधा दिन लग गया, जिसके कारण सात प्रमुख सोसायटीज और आसपास की दर्जनों कॉलोनियों में रहने वाले लोग भीषण गर्मी में बिना बिजली के तड़पते रहे। लोगों का कहना है कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे-वैसे बिजली की कटौती भी बढ़ती जा रही है। क्रॉसिंग रिपब्लिक की दिव्यांश फेबिय, महागुन मस्कट, पैरामाउंट सिम्फनी, सुपरटेक लिविंगस्टन, गौर ग्लोकल, सेवियर और पंचशील वेलिंग्टन जैसी बड़ी सोसायटीज पूरी तरह अंधकार में डूबी रहीं। हाइटेक शहर का दावा करने वाले इन इलाकों में हालात गांवों से भी बदतर नजर आए। बिजली संकट यहीं तक सीमित नहीं रहा। ट्रांस हिंडन क्षेत्र के लाजपत नगर, शालीमार गार्डन, श्यामपार्क, राजेंद्र नगर, झंडापुर, साहिबाबाद गांव, वैशाली, वसुंधरा, कौशांबी और इंदिरापुरम जैसे पॉश इलाकों में भी फॉल्ट और लोड बढे के चलते लगातार बिजली कटौती देखने को मिली।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर चलाए गए सैकड़ों चालान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण क्षेत्रों में गाजियाबाद पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष और व्यापक अभियान चलाकर कानून का सख्ती से पालन कराने का संदेश दिया है। यह अभियान शहर के प्रमुख चौराहों, तिराहों और व्यस्त इलाकों में आयोजित किया गया, जिसमें अतिरिक्त यातायात पुलिस बल तैनात कर सख्ती से चेकिंग की गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी खुद चेकिंग स्थलों का निरीक्षण करते रहे ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इस अभियान के दौरान कुल 568 वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई, जिनमें से 89 वाहन चालक नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पकड़े गए। पुलिस ने इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए चालान काटे और वाहन जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। यह कदम न केवल नशे के कारण बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बल्कि जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। पुलिस प्रशासन ने नशे के खिलाफ इस अभियान को निरंतर जारी रखने की बात कही है और आम जनता से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा का ध्यान रखें और नशे में वाहन न चलाएं। साथ ही, यातायात संबंधी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए गाजियाबाद पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर 9643322904 जारी किया है, जहां नागरिक अपनी शिकायतें और सुझाव दर्ज करा सकते हैं। गाजियाबाद पुलिस के इस अभियान से सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था में सुधार की उम्मीद की जा रही है। इस कदम को शहरवासियों ने स्वागत किया है और इसे अपराध तथा दुर्घटना नियंत्रण की दिशा में एक सकारात्मक पहल माना जा रहा है।

# वैश्य एकता समिति का 85वां मासिक परिचय सम्मेलन सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वैश्य एकता समिति द्वारा रविवार को आयोजित 85वां मासिक परिचय सम्मेलन रविवार को अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता (चेयरमैन, दुर्गा वाशिंग पाउडर) के सौजन्य से सम्पन्न हुआ, जिन्होंने कार्यक्रम में आए सभी प्रत्याशियों, अभिभावकों, समाजसेवियों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन समाज की एक सकारात्मक पहल है और सभी के निरंतर सहयोग से यह सतत रूप से सफल हो रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि हर माह औसतन 55-60 नए पंजीकरण होते हैं और लगभग 14-15 वैवाहिक संबंध तय हो जाते हैं, जो समाज में विवाह की पारंपरिक व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा योगदान है। महासचिव और संयोजक अजय कुमार गोयल ने मंच का संचालन करते हुए इस माह के 37 नए प्रत्याशियों का परिवार सहित परिचय कराया। साथ ही, पूर्व में पंजीकृत प्रत्याशियों से संवाद कर 14 नए वैवाहिक संबंधों के तय होने की जानकारी दी गई, जिसे समिति ने हर्ष का विषय बताया। इस अवसर पर मंच पर परिचय देने वाली युवतियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की पत्रिका का संपादन अनुराग अग्रवाल द्वारा अत्यंत अल्प समय में किया गया, जिसके लिए समिति ने उनका विशेष आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता के साथ-साथ अजय कुमार गोयल, अनुराग अग्रवाल, बुद्धगोपाल गोयल, राकेश मित्तल, बी. एन. अग्रवाल, नीरू अग्रवाल, अतुल आनंद गुप्ता, राजीव अग्रवाल, अमिता गोयल, सतीश गुप्ता, महेन्द्र गुप्ता, लक्ष्मीनारायण सिंघल, राधारमण अग्रवाल, राजेश गुप्ता सहित अनेक पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

यह सम्मेलन समाज में वैवाहिक समन्वय, संस्कार और संवाद को बढ़ावा देने वाला मंच बनकर उभरा है, जो विवाह योग्य युवक-युवतियों को उपयुक्त जीवनसाथी की तलाश में दिशा और अवसर प्रदान करता है।



# स्व. सरोजनी शर्मा की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे गणमान्य लोग



# स्व. सरोजनी शर्मा की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे गणमान्य लोग

